श्री रामकिशोर मिश्र

खुटहा (मुंगेर)

Scanned by CamScanner



श्री रामकिशोर मिश्र के गुरु
श्री परमहंस रामभंजन दासजी

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

१. मेघौल

मेघौल अपने आसपास के गाँवों की अपेक्षा अधिक गौरवशाली इतिहास रखता है। पूर्वोत्तर रेलवे के रोसड़ा घाट रेलवे स्टेशन से सात मील दक्षिण और बेगूसराय रेलवे स्टेशन से बाईस मील उत्तर बूढ़ी गंडक नदी के तट पर दो वर्गमील में बसा यह गाँव अपने उत्थान-पतन का दृश्य उपस्थित कर रहा है। इस गाँव में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का वास है। यह वह मिट्टी है जिस पर उत्पन्न अनेक नर-नारियों का नामोल्लेख भारतीय इतिहास में गर्व के साथ किया गया है।

राजा मेघ की बसायी यह बस्ती जो मेघबल (मेघ जैसी शक्ति) से पूर्ण रही, कालान्तर में 'मेघौल' नाम से जानी गई। प्राचीनकाल से आजतक, पश्चिम और दक्षिण भाग में, बूढ़ी गंडक की धारा मेघौल को स्पर्श करती हुई बहती जा रही है और इसी जल-प्रवाह के साथ इसका संदेश दूर-दूर के गाँवों तक पहुँचता रहा है। इसके किनारे पर, उत्तर से दक्षिण की ओर, लोक निर्माण विभाग की पक्की सड़क है।'

१८३२ ई० में इसे तिरहुत कमिश्नरी से हटाकर मुंगेर जिले में मिला दिया गया। ६ जनवरी, १८७० ई० से यह गाँव बेगूसराय अनुमंडल का अंग बना। २ अक्टूबर, १९७२ से बेगूसराय को जिला का दर्जा मिला और आज यह गाँव इस जिले का एक प्रमुख गाँव माना जाता है।

यह गाँव मिथिला की सभ्यता, कला और संस्कृति का एक केन्द्र रहा है। यहाँ के निवासी, जो विभिन्न जातियों तथा उपजातियों के थे, सभ्य और सुसंस्कृत माने जाते रहे। यहाँ के लोगों का सम्बन्ध मिथिला से है। कहा जाता है कि मुगल सम्राट् अकबर के शासन-काल में फाल्गुन शुक्ल पंचमी संवत् १६२२ में पं० हरिदत्त मिश्र ने, जो पिरोखर ग्राम निवासी पं० श्यामधर मिश्र के आत्मज थे, यहाँ के राजा मेघ सिंह की इकलौती आत्मजा 'कमलावती' से विवाह किया और यहीं बस गये। उन्हीं के वंशज पराशर गोत्रीय सुरगणय पिरोखर मूल के ब्राह्मण कहलाये, जिनकी वंश-शाखाएँ आज ८२ या ८४ ग्रामों में यहाँ की संस्कृति को अमूल्य धरोहर के रूप में सँजोये अबाध गति से बढ़ रही हैं।

अति प्राचीन काल से ही राजनीति के क्षेत्र में इस गाँव का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। इस गाँव की सीमा से सटे आज भी ऐतिहासिक स्थान, टीले, जलाशय, नाले आदि देखे जा सकते हैं।

Scanned by CamScanner

भारतीय स्वातंत्र्य-संग्राम के अमर शहीदों की परम्परा में इस धरती के अनेक स्वाधीनता सेनानी आज भी अपनी गौरवपूर्ण भूमिका की कहानी कह रहे हैं। इनके द्वारा जलाई गई मशाल आज भी आसपास के लोगों का मार्ग प्रशस्त कर रही है। १९४२ ई० की जनक्रांति में अंग्रेजों की गोली के शिकार अमर शहीद राधा प्रसाद सिंह एवं रामजीवन झा का अर्द्धनिर्मित स्मारक भवन, जिसने धनाभाव के कारण खंडहर का रूप ले लिया था, अब मिटने की स्थिति में हैं। निःसन्देह यह स्थिति अशोभनीय है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि जहाँ हमारा अतीत अति उज्वल था, वहाँ भविष्य इसके सर्वथा प्रतिकूल होगा।

यहाँ यह उल्लेख कर देना अत्यावश्यक प्रतीत होता है कि इस मिट्टी ने स्वाभिमान का जैसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। उदाहरणार्थ, इस गाँव के जगदीप नारायण सिंह ने भारत पर शासन करनेवाली अंगरेज जाति में से एक को कभी अपने यहाँ गुलाम बना रखा था। भारत में फैली राष्ट्रीयता की उग्र लहर में इस गाँव के नर-नारियों ने खुलकर भाग लिया। इन सबों ने मेघौल के निलहे साहब को नाकोंदम कर दिया। जिस गाँव के राजनीतिज्ञों ने अपने ग्रामवासियों में कभी राजनीतिक चेतना ही नहीं जगायी थी वरन् इसे छूते हुए एक विशाल क्षेत्र को भी अपने रंग में रंग दिया था, दुःख होता है कि आज वह स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। हरिबल्लभ प्रसाद सिंह एवं कैलाशपति बिहारी अंगरेजी हुकूमत के समय में जिला बोर्ड के सदस्य रहे थे। दो दशक पहले यहाँ के बलदेव प्रसाद सिंह ने मुंगेर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया था। उन्होंने ही मुंगेर के तिलक मैदान में कांग्रेस भवन का निर्माण कर बिहार में अपनी और इस गाँव की प्रतिष्ठा बढ़ायी। अपने जमाने के बेगूसराय क्षेत्र के विज्ञान के जाने-माने विद्वान रामाधीन सिंह ने अनुमंडल स्तरीय दर्जनों संस्थाओं एवं संगठनों के उच्च पदाधिकारी के पद को सुशोभित कर इस गाँव को गौरवान्वित किया।

समाजवादी आन्दोलन में भी यह गाँव पीछे नहीं रहा। १९५७ ई० तक यहाँ के विधान-सभा एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यहाँ के प्रमुख समाजवादी नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने अपना अमूल्य योगदान किया। इसके लिए गणेशदत्त शर्मा, आचार्य लक्ष्मीकांत झा, आनन्द आजाद, अशर्फी मिश्र आदि को भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन आज की परिस्थिति में ये भी मुँह बन्द किये गाँव को अन्धकार में जाने से रोक सकने में अपने को असमर्थ पा रहे हैं।

खोदाबन्दपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत पंचायत के क्षेत्र में मुखियों एवं सरपंचों ने अपनी कुशल नीति एवं महत्वपूर्ण भूमिका के द्वारा जिले में इस गाँव के नाम

Scanned by CamScanner

को बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दलों के संगठनों में यहाँ के लोग काफी दिलचस्पी लेते रहे। यहाँ के निवासियों ने पदलोलुपता कभी नहीं दिखायी जो यहाँ की एक प्रमुख विशेषता मानी जाती है।

यहाँ के लोगों का सामाजिक जीवन उच्च कोटि का रहा। ये आपसी मेल में ज्यादा रुचि रखते थे। समाज के प्रत्येक अच्छे कार्य में सभी वर्गों का सहयोग इस बात का उदाहरण है। आज भी लोग अपनी परम्परागत सामाजिक रीति-रिवाजों में सह-अस्तित्व की भावना से कार्य करते देखे जाते हैं। इस गाँव के ग्रामीण दुख-सुख में एक साथ रहने के आदी हैं। यहाँ के लोग काफी साहसी रहे हैं। दैवी विपत्ति, अग्निकांडों, बाढ़ से तटबन्ध की सुरक्षा के कार्य, चोर-डाकुओं से संघर्ष के मामले आदि में यहाँ के लोगों की कोई सानी नहीं है।

यहाँ के अधिकांश लोग देखने में सीधे-सादे और मूर्त्ति-से लगते हैं। ये लोग शान्तिपूर्ण जीवन व्यतीत करना ज्यादा पसन्द करते हैं। छल-छद्म, ईर्ष्या-द्वेष, एवं अनावश्यक संघर्ष में यहाँ के लोगों का विश्वास नहीं है। इस गाँव के समाज में सहयोगात्मक भावना सदैव तरंगायित रहती है। आपसी एकता, साहस, सरलता, धाक, कर्मठता आदि के क्षेत्र में यहाँ के निवासी आगे हैं।

आर्थिक दृष्टि से यह गाँव अति प्राचीन काल से ही समृद्ध रहा है। यहाँ के लोग कर्मठ एवं अध्यवसायी रहे। कृषि, पशुपालन, उद्योग, व्यापार आदि किसी भी क्षेत्र में वे किसी से पीछे नहीं रहे। इलाके के सैकड़ों गाँवों की रोजी-रोटी में किसी-न-किसी तरह से इस गाँव का योगदान रहा है।

कृषि योग्य भूमि का रकबा ज्यादा रहने से अन्नादि से परिपूर्ण यहाँ के लोगों की बखारों को देखकर दूसरे ग्राम के लोगों को स्वभावतः जलन हो जाती थी। यहाँ की धरती में सभी प्रकार के अनाज, फल-फूल, कन्द-मूल उपजते रहे। यहाँ की धरती की हरियाली के कारण ही लोगों में खुशहाली छायी रही।

पशुपालन के क्षेत्र में छोटे-छोटे जानवरों से लेकर हाथी तक इस गाँव के खूँटों पर झूमते रहे। कभी भी यहाँ के लोगों ने अपने को बेरोजगार नहीं समझा। वाणिज्य-व्यवसाय और उद्योग का दिनानुदिन विकास होता रहा। पेशेवर जातियों की भी यहाँ कमी नहीं रही। सभी अपने-अपने पेशे और वृत्ति के अनुसार कार्य कर अपने जीवन-स्तर को ऊँचा उठाने में संलग्न रहे, जिससे मेघौल की शान-शौकत दिन-प्रतिदिन बढ़ती गई।

सरकारी एवं अन्य नौकरियों में यहाँ के निवासियों की संख्या ज्यादा है। अधिकांश लोग शिक्षा-विभाग में कार्यरत हैं। राजपत्रित पदाधिकारी स्तर की

Scanned by CamScanner

सेवा में पाँच से ज्यादा व्यक्ति नहीं हैं। यहाँ के लोगों को भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा में जाने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हो सका है। अन्य विभागों के उच्चस्थ पद पर रहने के बावजूद संकीर्ण भावना से ग्रस्त रहने के कारण जन-साधारण की सेवा में जाने का अवसर नहीं मिल पाना यहाँ के निवासियों के लिए दुर्भाग्य ही कहा जाता है।

अपने भाग्य से नौकरी-पेशा में रहनेवालों की संख्या में वृद्धि के कारण यहाँ की आर्थिक स्थिति अच्छी रही। गाँव के अलावा दूसरे-दूसरे शहरों में भी यहाँ के लोगों ने अपने सुन्दर भवनों के निर्माण किये हैं।

लघु एवं घरेलू उद्योगों में यहाँ के लोगों की दिलचस्पी नगण्य है। कृषि के क्षेत्र में नल-कूपों का सफल नहीं होना यहाँ के लिए अभिशाप सिद्ध हो रहा है।

धार्मिक दृष्टि से यह गाँव मन्दिरों का गाँव कहा जा सकता है। यहाँ दो शिवालय, दो ठाकुरबाड़ियाँ, चार गह्वर, एक सिद्धपीठ और एक सतीमन्दिर आज भी इस गाँव में विभिन्न दिशाओं में मौजूद हैं।

यहाँ एक सिद्धपीठ है जो 'भीड़ बाबा' के नाम से प्रसिद्ध है। इसके मिट्टी-पूजन से दर्जनों सुरगणय ब्राह्मणों के विभिन्न प्रकार के धार्मिक एवं यज्ञकार्य आदि अनुष्ठान सम्पन्न कराये जाते हैं तथा यहाँ की विभिन्न जातियों के लोगों को उपनयन एवं विवाह के समय 'भीड़ स्थान' पर पहुँचकर पूजा करनी ही पड़ती है।

मेघौल स्थान के नाम से प्रख्यात यहाँ के एक मठ के महन्थों द्वारा अनेक पोखरों, कुँओं का निर्माण एवं अन्य धार्मिक कार्यों के सम्पन्न होने के प्रमाण आज भी मौजूद हैं।

मेघौल में ब्राह्मण पंडितों, धार्मिक व्यक्तियों, श्रद्धालु भक्तों और साधुओं की कमी नहीं, जो अपनी साधना से यहाँ के लोगों का कल्याण करते रहे हैं।

इस क्षेत्र में जिस समय सांस्कृतिक उत्थान का कहीं भी नामोनिशान नहीं था, उसी समय यहाँ का सांस्कृतिक जीवन चरमोत्कर्ष पर पहुँच गया था। यहाँ के अनेक भवनों में विभिन्न वाद्ययंत्रों की झंकारें राहियों के पैर की गति को रोक देती थीं। शायद ही कोई नर्त्तक, गवैया एवं अन्य कलाकार इस गाँव में अपनी कला का प्रदर्शन करने से चूके हों। यहाँ के लोग संगीत-प्रेमी विद्यानुरागी और कला-मर्मज्ञ थे। एक शतक पूर्व ही यहाँ नाट्य-परिषद, कीर्त्तन मंडली, थियेटर कम्पनी आदि की स्थापना हो चुकी थी। अपनी कला में ये उच्च कोटि के माने जाते रहे। यहाँ के लोग अधिक विनोदी स्वभाव के होते थे। संस्कृति के क्षेत्र में पं० विन्धेश्वरी प्रसाद शर्मा 'वैद्य' एवं गणेशदत्त शर्मा की महत्त्वपूर्ण देनें हैं।

गाँव के उत्तर में लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा प्रसिद्ध बैल-हाट लगवाना, आश्विन एवं चैत मास में दुर्गापूजन एवं मेले लगवाना आदि चालीस वर्ष पूर्व ही प्रारम्भ हो गया था। वहाँ अनेकों स्थान के कलाकार पहुँचकर अपना कला-प्रदर्शन करते रहे। आज भी इस स्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में इस गाँव ने अर्द्ध शताब्दी पूर्व ही काफी विकास किया था। प्राचीन काल में यहाँ के लोग विद्याध्ययन हेतु अन्यत्र जाते रहे, लेकिन अंग्रेजी शासनकाल में इस इलाके में सर्वप्रथम यहीं लोअर एवं मिड्ल स्कूलों की स्थापना हुई। आज इस पंचायत में चार प्राथमिक विद्यालय, दो मध्य विद्यालय और दो उच्च विद्यालय चल रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यहाँ के लोग सदा अग्रणी रहे। आज भी यहाँ के लोग विविध भाषाओं, विषयों, तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़े-चढ़े हुए हैं। अँग्रेजी शासन के समय में ही यहाँ एक आयुर्वेदिक दातव्य औषधालय स्थापित किया गया था, जो इस क्षेत्र का आयुर्वेदिक अस्पताल है।

मेघौल उप-डाकघर इस इलाके के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। इस डाकघर के अधीन एक दर्जन शाखा डाकघर हैं। इसके अलावा पुस्तकालय तथा अन्य समाजसेवी संगठन कार्यरत हैं, जिनसे समाज की उन्नति हो रही है।

मेघौल ग्राम की प्राचीनता एवं इसकी सभ्यता-संस्कृति के अनेक नमूने आज भी हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। यहाँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पराशर गोत्रीय सुरगणय पिरोखर मूल के ब्राह्मणों का श्रेय रहा है। इनकी वंशावली एवं इनके अतीत की झाँकी उल्लेखनीय हैं।

२. आकोपुर

ग्राम-परिचय—आकोपुर ग्राम स्वच्छ सलिला पावन बूढ़ी गंडक के पूर्वी तट पर अवस्थित है, जिसकी मनोहारिणी छटा क्षण भर में लोगों को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है। जिस प्रकार पूरे विश्व की सभ्यता एवं संस्कृति का उद्गम स्थान नदी का प्रक्षेत्र रहा है। उसी प्रकार इस गाँव के विकास के मूल में बूढ़ी गंडक की अनमोल देन है।

गाँव की चौहद्दी—आकोपुर ग्राम के उत्तर में मेघौल, दक्षिण में गोपालपुर, पूरब में नगरी झील और पश्चिम में बूढ़ी गंडक नदी है।

गाँव के नामकरण की एक झाँकी—आकोपुर का पुराना नाम याकूबपुर था; जिसका अर्थ फारसी में 'अक्लमन्द' और हिन्दी में 'बुद्धिमान' होता है।

Scanned by CamScanner

आज भी उक्त मौजा का नाम खतियानों एवं सरकारी अभिलेखों में वैसा ही मिलता है। कालक्रमानुसार लोक भाषा के रंग में रंगने के कारण अब यह आकोपुर के नाम से पुकारा जाता है।

याकूब मियाँ के नाम पर इस गाँव का नामकरण चला आ रहा है। यह मुहम्मद गोरी का एक सिपहसालार था। गोरी के प्रधान सेनापति बख्तियार खिलजी ने बिहार और बंगाल पर हमला किया तथा नालन्दा विश्वविद्यालय को विध्वंस किया था। जब बख्तियार खिलजी बंगाल की ओर जा रहा था तभी याकूब मियाँ उससे अलग हो गया। सन् १२०७ ई० में वह यहाँ पहुँचा। इसके बाद उसने एक प्रमुख [illegible]ा बनाकर यहाँ के परगना सरदार को पराजित कर अपना तालुक स्थापित किया। [illegible] वह लगभग २० वर्षों तक रहा। १२२६ ई० में उसने पुनः दिल्[illegible] ओर प्रस्थान किया। दुर्भाग्यवश मार्ग में ही हार्जापुर के निकट अपने ही सहयोगी द्वारा वह मार डाला गया। इसी याकूब मियाँ के नाम पर आकोपुर का पुराना नाम याकूबपुर पड़ा जो आकोपुर के नाम से अभिहित हुआ।

याकूब की मृत्यु के बाद लम्बी अवधि तक उसके वंशधर यहाँ अपना प्रभुत्व जमाये रहे। बाद में याकूब के वंशजों ने तत्कालीन कुसमारय वंशीय ब्राह्मणों को उनके पराक्रम एवं विद्वत्ता से प्रभावित होकर, सारी सम्पत्ति अर्पित कर दी। तदुपरांत इसी कुसमारय वंश में राजा मेघदत्त प्रभावशाली व्यक्ति हुए, जिन्होंने याकूबपुर के उत्तरी क्षेत्र के उत्तरी प्रक्षेत्र में अपनी तालुका स्थापित की। इसी राज में मेघदत्त के नाम पर याकूबपुर के उत्तरी प्रक्षेत्र का नाम मेघौल रखा गया।

सूर्यगणय वंश-वृक्ष—सूर्यगणय ब्राह्मण के कुलकों की संकलित झाँकी आकोपुर ग्राम के निवासियों द्वारा संकलित वंश-वृक्ष के अन्तराल के प्रभुत्व महामानव का दिग्दर्शन जो अनदेखी होने पर भी वाणी में समा पाये।

भारतीय इतिहास का गौरवमय समय जिसने अपने पायदानों पर, महान विभूतियों के पद्चिह्नों को अंकित करते हुए राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में भारत के इतिहास को अनुरंजित किया, आज भी अपनी लोक परम्पराओं के गिरिगह्वर से कभी-कभी झाँकियाँ लगाती मानव जगत को अनुप्राणित करती आई है।

भारतीय इतिहास का स्वर्णिम समय, सपने में ऐसे महान वंशजों की अमर कृतियों को सँजोये है, जो अपनी प्रगल्भता एवं भारतीय समाज की पुनर्रचना में आज भी सहयोग समर्पित कर रहा है।

Scanned by CamScanner

सम्बत् १६२२ का समय भारतीय इतिहास में नाना प्रकार के उतार-चढ़ाव का दिग्दर्शन कराता है। उस समय भारत की राजधानी दिल्ली में बादशाहत की गूँज थी। दिल्ली के तख्त से मुस्लिम सम्प्रदायों का वैभव प्रदर्शित हो रहा था।

उसी समय बिहार राज्य के तिरहुत प्रमण्डलान्तर्गत दरभंगा जिला के पिरोखर ग्राम निवासी पंडित हरिदत्त मिश्र जी की शादी पावनसलिला भागिरथी के स्नान के क्रम में राजा मेधदत्त जी की पुत्री के साथ मेघौल ग्राम में हुई। उस समय मेघदत्त जी का राज्य प्रक्षेत्र वर्त्तमान भागलपुर प्रमण्डल के मुंगेर जिले के अन्तर्गत पड़ता था। सम्प्रति यह दरभंगा प्रमंडल के बेगूसराय जिले के अन्तर्गत पड़ता है।

विवाहोपरान्त अपने दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने के क्रम में पंडित हरिदत्त मिश्र जी के चार पुत्र हुए—सर्वश्री रुद्र मिश्र, फूद मिश्र, गौण मिश्र और चैत मिश्र। श्री फूद मिश्र जी अपने राज्य में ही अर्थात् मेघौल में ही रहे। श्री रुद्र मिश्र सौर्या राजभवन कटिहार (पूर्णिमा) जाकर अपने राजकार्य में सलंग्न हो गये एवं श्री गौण मिश्र गंगा के उस पार वर्त्तमान खुटहा ग्राम के निवासी हुए। सबसे छोटे चैत मिश्र गंगा के पार मरांची में बसे।

समय के भागते क्षणों के अंतराल में श्री फूद मिश्र जी को दो पुत्र रत्न पैदा हुए—श्री विभव मिश्र और श्री भागवत मिश्र। इन्होंने अपनी प्रतिभा से दो भू-क्षेत्रों को स्निग्ध किया। श्री विभव मिश्र याकूबपुर (आकोपुर) के प्रक्षेत्र की देख-रेख में संलग्न हुए और श्री भागवत मिश्र मेघोल की धरती पर अपनी वंश-वेलि फैलाते रहे। श्री मिश्र की वंश-वेलि याकूबपुर ग्राम में लहलहाने लगी, जो आजतक अपनी हजारों सुमनों से अपनी मातृभूमि की सेवा कर रही है।

श्री विभव मिश्र के एकमात्र पुत्र श्री चतुर मिश्र जो अपने पिता के समान ही विद्वान, पराक्रमी एवं यशस्वी थे, तत्कालीन मुगल शासक को प्रभावित करने में सक्षम हुए। फलस्वरूप मुगल सल्तनत ने खुश होकर इन्हें "राय" की उपाधि से विभूषित किया। चतुर मिश्र की शादी विक्रमपुर में हुई थी। कुछ कारणवश श्री मिश्र ससुराल-प्रवास में ही काल कवलित हो गये। इस घटना से उनकी पत्नी बचैन होकर अपने दो मासूम बच्चों को तड़पते छोड़कर पति की चिता में जलकर सती हो गयी। जहाँ पर वह सती हुई थी वह स्थान आज भी विक्रमपुर ग्राम में 'सती स्थान' के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्थान आज भी इन्हें अमरत्व प्रदान कर रहा है।

Scanned by CamScanner

लगभग १७४५ ई० में श्री चतुर मिश्र के प्रपौत्रों से नरहन राज्य द्वारा याकूबपुर मौजा का ताम्रपत्र छलबल से अपहरण कर लिया गया। दोनों बच्चे अपने को असहाय पाकर दहिया स्थित ननिहाल चले गये। दहिया ग्राम में उस समय जलपा भगवती एवं भैरव का एक सिद्धस्थल था।

ननिहाल वालों ने अपने दोनों नातियों की दुख गाथा जब भगवती से निवेदित की तब कहा जाता है कि भगवती ने भावविह्वल होकर वरदान दिया कि कल हल से जहाँ तक की भूमि तुम चिह्नित करोगे वहाँ के अधिकतम भाग से तुम्हें कोई विचलित नहीं कर सकता है। दोनों भाइयों ने ठीक वैसा ही किया और एक लम्बे संघर्ष के पश्चात् भगवती की कृपा से याकूबपुर मौजा पर पुनः स्वामित्व स्थापित किया।

उक्त घटना के परिणामस्वरूप याकूबपुर ग्राम निवासी प्रभावित होकर भगवती जलपा एवं भैरव के सच्चे उपासक बन गये तथा कालान्तर में दहिया से उस सिद्ध पिण्ड को लाकर अपने गाँव में स्थापित किया। १९५३ ई० में स्वर्गीय नुनु मिश्र के असीम प्रयास से भगवती के लिए एक सुन्दर मन्दिर का निर्माण किया गया जिसमें सभी ग्रामवासियों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

सन् १८८५ से लेकर १८९३ तक का काल इस गाँव के लिए बड़ा ही संक्रमण काल के रूप में व्यतीत हुआ। अँग्रजों की दौलतपुर कोठी द्वारा इस गाँव की सारी जमीन हड़प ली गयी जिसका विरोध श्री राधे मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण गाँव के द्वारा किया गया। बाद में न्यायालय के द्वारा अंग्रेजों की इस तानाशाही प्रवृत्ति पर रोक लगायी गयी और छह सौ बीघे का कुल रकबा बचाया गया। सन् १९२३ से १९२७ तक की अवधि में भी श्री सूबालाल मिश्र की अगुआई में सामूहिक लड़ाई लड़कर जन्दाहा के जमीन्दार से उच्च न्यायालय के द्वारा ५० बीघे का रकबा झील में हासिल किया गया।

शिक्षा—शिक्षा के दृष्टिकोण से इस गाँव का विकासकाल लगभग १९२७ ई० से ही आरंभ होता है। शिक्षाप्रेमी स्वर्गीय शिवनन्दन शर्मा एवं स्वर्गीय अनूपलाल शर्मा के अप्रतिम प्रयास से यहाँ के ग्रामीणों ने शिक्षा का माग अपनाया और शनैः शनैः लोग शिक्षा की ओर उन्मुख होने लगे। सम्प्रति गाँव में एक प्राथमिक पाठशाला है, जहाँ बच्चे प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर उच्च शिक्षा हेतु गाँव से बाहर जाते हैं। इस उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण उषा देवी के प्रयास एवं सहयोग से किया गया। वर्त्तमान काल में शिक्षा के दृष्टिकोण से गाँव समृद्ध तो नहीं किन्तु उन्नतिशील अवश्य कहा जा सकता है। इसका श्रेय ग्रामीणों की स्वतः प्रकृति के अलावा सरस्वती का असीम आशीर्वाद कहा जा सकता है।

Scanned by CamScanner

धार्मिक —धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह गाँव उतना ही विकसित है जितना अन्य दृष्टिकोणों से। विभिन्न सम्प्रदायों एवं जातियों के द्वारा विभिन्न प्रकार से अर्चना एवं अराधना का कार्य होता रहा है। गाँव की पश्चिम-दक्षिण दिशा में श्री भगवती जलपा का मंदिर है। वहीं बगल में ठाकुरवाड़ी अर्थात् रामजानकी मंदिर भी स्थापित है। वहाँ ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान हुआ करते हैं। गाँव के उत्तर एक ओर भगवती विषहरा का मंदिर स्थापित है, तो दूसरी ओर शिव-मदिर भी सत्यम् शिवम् सुन्दरम का परिचायक सिद्ध हो रहा है। गाँव के दक्षिण भाग में अमर सिंह का स्थान स्थापित है। गाँव के मध्य में हनुमान मंदिर भी अवस्थित है। उपर्युक्त दृष्टिकोण से यह गाँव अध्यात्मवाद में अपना पूर्ण विश्वास रखता है।

सांस्कृतिक :—सांस्कृतिक दृष्टिकोण से यद्यपि यह गाँव उतना उन्नतिशील नहीं है, फिर भी उतना पीछे भी नहीं है क्योंकि समय-समय पर गाँव के लोग सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन करते रहते हैं, जिसमें नाटक, कीर्त्तन, रामायण, गोष्ठी आदि का प्रमुख स्थान है। नाट्यकला की दृष्टि से यह गाँव प्रखण्ड स्तर पर द्वितीय स्थान रखता है। वर्ष के अन्दर, खासकर छठ पर्व के अवसर पर, लोग नाटक का आयोजन कर अपनी सुन्दर कला-प्रियता का परिचय देते हैं। यहाँ के ग्रामीणों द्वारा सांस्कृतिक आयोजन करते रहना इस बात का परिचायक है कि यहाँ के लोग शिक्षित हैं।

भौगोलिक स्थिति :—भौगोलिक स्थिति के अनुसार यह गाँव २५° उत्तर अक्षांश के आसपास है, जिससे ग्रीष्मऋतु में कड़ाके की गर्मी तथा हेमन्त एवं शिशिर ऋतु मे भी काफी जाड़ा पड़ता है। कुल मिलाकर यहाँ की जलवायु समशीतोष्ण है। जलवायु के अनुसार यहाँ की कृषि भी समुन्नत है। धान, गेहूँ, मक्का, ईख, सरसों आदि यहाँ की मुख्य पैदावार है। इनका स्थानीय बाजारों में समय-समय पर निर्यात होता रहता है। यहाँ की मिट्टी धूसर, मटियार एवं दोमट है, जिसमें हर प्रकार की फसलें हुआ करती हैं।

अर्थ-व्यवस्था :—गाँव की अर्थ-व्यवस्था उतनी सुदृढ़ तो नहीं है फिर भी गाँव में लोग खेतों पर अधिक ध्यान देते हैं। यहाँ न तो बड़े एवं अमीर किसान हैं और न कोई दरिद्र ही। गाँव के पास उतनी जमीन है जिससे लोग सन्तुष्ट हैं। सरकारी सेवाओ से इस गाँव की मासिक आय मात्र २५००० रु० है जिसे न्यूनतम ही कहा जा सकता है। स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के इस नारे 'जय जवान जय किसान' पर ही लोग अधिक ध्यान देकर जीविकोपार्जन करते हैं। पशुपालन भी जीविका का दूसरा आधार है। इस प्रकार गाँव की व्यवस्था काफी उन्नत नहीं तो न्यूनतम भी नहीं है।

Scanned by CamScanner

इस गाँव की जनसंख्या लगभग ढाई हजार है जिसमें सूर्यगणत्र परिवार लगभग सौ घर हैं। ये शिक्षाविद, कलाविद एवं परिश्रमी हैं। इस गाँव में हर जाति के लोग हैं। आपस में सद्भावना और प्रेम है। आपसी सहयोग से लोग जीवन-पथ पर अग्रसर हो रहे हैं।

गाँव से पूरब नगरी झील है, जिसमें इस गाँव का लगभग ६०० बीघे का रकबा है। इसी झील में जल-निकास हेतु एक नाला का निर्माण स्वर्गीय फूद मिश्र के नाम पर हुआ, जिसे लोग फूदियानाला के नाम से पुकारते हैं। यह नाला उनकी एक अनुपम देन है। यह नाला कावर झील से लगाव रखता है। वर्षा अधिक होन पर नगरी झील का पानी इसी फूदिया नाला होकर कावर झील में चला जाता है।

पश्चिम में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों से मंडित स्वच्छ सलिला गडकी का मनोहारी तथा तरंगमालिका से चुम्बित तट पथिकों का श्रम पल भर में हर लेता है। हरी-हरी घासों में लिपटी ऊँची बाँध सुनहली संध्या में मखमली शय्या पर विश्राम करने के लिए पथिकों को आमंत्रण देता रहता है। प्राची में मंशी मिश्र के कुँआ से सूगा सहनी के कुँएँ तक आम्र कानन की शीतल छाया सघन श्याम घटा की छटा उपस्थित करती है। शरद ऋतु मे यौवनोन्मत्त झील के वक्षस्थल पर उषा की किरणों का सौन्दर्य तथा कमल-वन में चपल चांदनी का बिहार रसिकों के हृदय को आनन्दविभोर कर देता है।

३. कोरैय

आज से करीब ३५० वर्ष पूर्व इस गाँव के पूर्वज श्री वशिष्ठ मिश्र यहां पधारे, जिनके वंशज इस गाँव में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं।

ग्राम की चौहद्दी एवं रकबा—इस ग्राम के उत्तर में मालीपुर मुसेपुर, दक्षिण में सुजानपुर, पूरब में शासन तथा पश्चिम में हरखपुरा ग्राम के बीच धन-धान्य से परिपूर्ण यह गाँव १९५० बीघे की जमीन को आबाद कर अपना जीवन-निर्वाह कर रहा है। ग्राम की लम्बाई २ मील तथा चौड़ाई १ मील है। करीब ५०० परिवार यहाँ बसे हुए हैं।

भौगोलिक स्थिति—ग्राम के उत्तर में करीब ११०० बीघे का एक सोलहट्टा डोभ है जिसमें मात्र एक फसल मुख्यतया धान की उपज होती है। मात्र वर्षा की आशा पर ही यहाँ की खेती संभव हैं; साथ ही अतिवृष्टि इस जमीन के लिए एक अभिशाप है, क्योंकि इस चौर से पानी का बाहर निकलना संभव नहीं

Scanned by CamScanner

हो पाता है। ग्राम के दक्षिण में चन्द्रभागा नदी का मात्र अवशेष रह पाया है, जिसमें मात्र तीन-चार महीने तक पानी रहता है। उपयोगिता की दृष्टि से। पश्चिम का भाग निकास के लिए तथा पूरब का भाग खेती के लिए उपयोगी है ग्राम के पूरब में डूलडोभ चौर है जिसका रकबा करीब १५० बीघे का है। इसमे भी मात्र एक फसल (धान ही) हो पाती है। इसका संबंध काबर चौर से है। पश्चिम में एक शहरा चौर है जिसका रकबा ७० बीघे का है। यह खेती के साथ-साथ इस गाँव क उत्तर में गाँव का पानी काबर चौर तक पहुँचता है।

गाँव के मध्य भाग से एक पक्की सड़क (बेगूसराय-मंझौल-हसनपुर) गुजरती है जिससे सम्बन्ध स्थापित करने के लिए दो कच्ची सड़कें हैं। पक्की सड़क से जोड़ने वाली एक कच्ची सड़क (कोरैय-मुमेपुर) है जिसके दोनों ओर कोरैय ग्राम अवस्थित है।

प्राकृतिक सौंदर्य—ईश्वर की असीम अनुकम्पा से यहाँ धान, गेहूँ, मकई, ऊख, लाल मिर्च आदि की खेती होती है। सालो भर हर ऋतु में कोई-न-कोई फसल अवश्य लगी रहती है, जिसकी प्राकृतिक छटा अनुपम होती है। ग्राम के पूरब तथा पश्चिम भाग में बागों का समूह है तथा दक्षिण में चन्द्रभागा नदी की निराली छटा है। सोलहट्टा डोभ का जमा पानी एक ओर खेती के लिए अभिशाप है तो दूसरी ओर इसका प्राकृतिक सौंदर्य वर्णनातीत है।

सामाजिक स्थिति—अपने चारों ओर के ग्रामों में बसे अन्य ग्रामवासियों की तुलना में इस गाँव का सामाजिक-स्तर सदा उच्च रहा है। हमारे पूर्वजों की दानशीलता ही इसका प्रमुख प्रमाण हैं। हमारे पूर्वज श्री दयाल मिश्र ने अपने भाई सुजानपुरवासी सुजान मिश्र के लावल्द होने पर अपनी इच्छा से अपना हक देने के बावजूद लेने से इन्कार किया तथा वे एक गैर अच्छे व्यक्ति मोहन पाठक को दान देकर मेघौल प्रस्थान कर गये। चार पुत्रों के रहने पर भी दयाल मिश्र ने अपनी सम्पत्ति में से साढ़े तीन सौ बीघे जमीन अपनी एकमात्र पुत्री सती देवी (जिनकी शादी शासन ग्राम में थी) को दान कर दिया। हाल ही में (१९७३ ई०) श्री वशिष्ठ मिश्र की दशवीं पीढ़ी के रामरक्षा मिश्र (राय) के श्राद्ध कर्म में वृषोत्सर्ग श्राद्ध एवं हाथी-दान उनके सुपुत्र श्री हरिनन्दन राय आदि द्वारा किया गया। अभी तक हमने अपने भाई-बान्धवों (सातो गाँव) को ग्यारह बार प्रीति भोज दिया।

गांव में करीब १५ जातियों के लोग रहते हैं जिसमें मुख्यतः सुरगण ही हैं, जिनकी कुल आबादी करीब एक हजार होगी। शेष जातियों की संख्या करीब १५०० होगी। गाँव के हर अच्छे कार्य का नेतृत्व अपने ही वंशजों द्वारा होता है।

Scanned by CamScanner

आर्थिक स्थिति—हमारे ग्रामवासियों के आर्थिक विकास की दर काफी अच्छी रही है। प्रारम्भ में हमारे पूर्वजों को कुल १६०० बीघे जमीन (दान के बाद) शेष रही किन्तु वर्तमान स्थिति में हमारे ग्रामवासियों के आधिपत्य में करीब ३५०० बीघे खेत हैं। यह कहना अत्युक्ति न होगा कि हम ग्रामवासियों को इसका गौरव है कि चौहद्दी के हर गाँव में हमारा अधिकार है। गृहस्थी के अलावे नौकरी की आय सीमित ही है। आर्थिक स्थिति सुधारने का मुख्य स्रोत गाँव से लगभग तीन मील की दूरी पर स्थित हसनपुर चीनी मिल है।

धार्मिक स्थिति—हमारे पूर्वजों की द्वितीय पीढ़ी के श्री दयाल मिश्र की एकमात्र सुपुत्री सती देवी (जिनकी शादी शासन ग्राम में थी) नामानुकूल तत्कालीन धर्म के अनुसार सती हो गई जिनकी पूजा-अर्चना आजकल भी की जाती है, क्योंकि लोगों की इच्छित मनोकामना पूर्ण होती है। हमारे पूर्वज श्री छत्रपति मिश्र जीवित अवस्था में ही समाधिस्थ हो गये। हमारे पूर्वजों में श्री भक्तमाल जी (महंथ, राजदरवाजा काशी) जैसे पहुँचे हुए महात्मा उत्पन्न हुए। हमारी पाँचवीं पीढ़ी के श्री लक्ष्मी मिश्र के पुत्र श्री भैरव मिश्र हुए, जो मरणपर्यन्त दैवी शक्ति को प्राप्त किये रहे। उनकी पूजा-अर्चना हम ग्रामवासी हर शुभ कार्य के समय करते हैं। इनका मंडप गाँव के पूर्वी भाग पर अवस्थित है। वे भैरवी बाबा के नाम से अभी भी विख्यात हैं। हमारे गाँव में एक बड़ी एवं अच्छी ठाकुरवाड़ी है जिसका निर्माण वशिष्ठ मिश्र की आठवीं पीढ़ी के श्री नन्हा राय द्वारा किया गया तथा उनकी पूजा के लिए ३५ बीघे भूमि दानस्वरूप प्रदान की गयी। ग्यारहवीं पीढ़ी के श्री हरिहर मिश्र (राय) द्वारा एक विद्यालय (ग्राम के मध्य भाग में) तथा एक कुएँ का निर्माण किया गया तथा पूजा के लिए एक बीघा जमीन दान दी गयी। दसवीं पीढ़ी के श्री कूशो मिश्र द्वारा एक शिवालय का (ठाकुरवाड़ी की बगल मे) निर्माण किया गया तथा पूजा-अर्चना के लिए एक बीघा जमीन दान दी गयी। ग्राम के पश्चिम भाग में दुर्गाजी का एक मन्दिर है जिसमें संगमरमर की स्थायी मूर्त्ति स्थापित है। इसके अलावे एक चैती दुर्गा तथा एक काली मन्दिर भी है जिसमें प्रति वर्ष मूर्त्ति बनाकर सोल्लास पूजा-अर्चना की जाती है। गाँव के पश्चिम-उत्तर सिरे पर गतराम बाबा का एक मन्दिर है। १९५७ ई० में श्रीमती चंचल कुमारी की दानशीलता तथा ग्रामवासियों के सहयोग से उनके नाम पर एक मध्य विद्यालय की स्थापना हुई, जो चंचल मध्य विद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है। इसका निर्माण तत्कालीन मुखिया श्री हरिनन्दन राय के प्रयास का फल है। इस ग्राम में २१ कुएँ और ५ पोखरे हैं। गाँव के पश्चिमी भाग के पोखरे का श्री निरपत राय, उत्तर-पश्चिम कोने में स्थित पोखर का नन्हा मिश्र, पूरब-दक्षिण कोने के पोखर

Scanned by CamScanner

का लवहर मिश्र (राय), पूरब-उत्तर कोने के पोखर का छोटी मिश्र तथा पूरब में स्थित पोखर (जो नष्टप्राय हो चुका था) का तत्कालीन मुखिया श्री हरिनन्दन राय द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया। ग्राम के पश्चिमी भाग में एक कन्या पाठशाला भी स्थित है। गाँव के मध्य में एक कमिटी हॉल एवं दो पुस्तकालय कार्यरत हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम—प्राचीन काल से ही हमारा गाँव सांस्कृतिक कार्यों में अपने पड़ोसी ग्रामवासियों का अगुआ रहा है, जिनमें मनू ठाकुर, मोहर मिश्र, त्रिवेणी मिश्र, कमलेश्वरी मिश्र, रामेश्वर मिश्र (मास्टर साहब), रब्बी धुनिया, नाथो धुनिया इत्यादि के नाम उल्लेखनीय हैं। वर्त्तमान में रामवतार यादव को (शान्ति निकेतन से शिक्षित) अपने कला प्रदर्शन के लिए अन्तर्जिला ख्याति प्राप्त है।

समय-समय पर ग्रामवासियों द्वारा नवाह्न यज्ञ, रासलीला, अष्टयाम तथा सत्संग का भी आयोजन भैरवी बाबा के स्थान पर किया जाता है। वर्त्तमान समय में दो नाट्य परिषदें एवं कीर्त्तन मंडलियाँ ग्रामवासियों के सहयोग से ग्रामवासियों एवं पड़ोसियों का मनोरंजन करती हैं।

साहित्यिक स्थिति—शिक्षा की दृष्टि से हमारे ग्रामीण उत्तरोत्तर प्रगतिशील हैं। यहाँ करीब ५ स्नातकोत्तर शिक्षित, १५ स्नातक तथा मेडिकल, अभियांत्रिकी आदि में भी कई छात्र अध्ययनशील हैं।

राजनैतिक स्तर—राजनीति के क्षेत्र में भी हमारे ग्रामीण काफी जागरूक हैं। हर कोई किसी-न-किसी राजनीतिक पार्टी का सक्रिय सदस्य हैं।

यशस्वी व्यक्तियों द्वारा विशिष्ट योगदान—श्रीमती चंचल कुमारी, श्री राम रक्षा राय, श्री राजो राय और श्री धुटन राय द्वारा माध्यमिक विद्यालय के लिए जमीन दी गयी है तथा श्री हरिनन्दन राय द्वारा लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय मुसेपुर मालीपुर में एक कमरा बनवाया गया। मध्यविद्यालय गढ़पुरा में भी हम ग्रामवासियों का काफी योगदान रहा है।

पता—श्री हरिनन्दन मिश्र (राय), श्री रामलगन राय।
ग्राम—कोरय, पो०—गढ़पुरा
भाया—बखरी बाजार
जिला—बेगूसराय

४. हरखपुरा

आज से लगभग ३२५ वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज सर्वश्री गोविन्द मिश्र एवं प्रयाग मिश्र यहाँ आये, जिनके वंशज हम सब ग्रामवासी अपना-अपना जीवन-यापन कर रहे हैं।

गाँव की चौहद्दी एवं क्षेत्रफल—इस गाँव के उत्तर में मालीपुर, दक्षिण में डुमरी, पूरब में कोरैय एवं पश्चिम में हरेरामपुर टोला है। इस गाँव का क्षेत्रफल ७५ बीघा है। हमारे यहाँ छह हाथ का लगा चलता है।

भौगोलिक स्थिति—इस ग्राम के तीन तरफ झील है। इस झील में वर्षा के दिनों में पानी भरा रहता है, लेकिन इसमें पानी अधिक दिनों तक नहीं रह पाता है। तीनो ओर झील से घिरे रहने के कारण एवं चारों ओर वन-बाग लगे रहने के कारण यह गाँव अत्यन्त सुहावना लगता है। इस गाँव की जमीन अत्यधिक उपजाऊ है। इस गाँव की जनसंख्या ११०० है। इसमें सुरगण १०० हैं।

प्राकृतिक सौंदर्य—इस ग्राम के तीन ओर झील है। झील के किनारे पेड़-पौधे लगे हुए हैं। वर्षा के दिनों में, खासकर जिस दिन बादल आकाश में छाये रहते हैं, ग्राम की शोभा दर्शनीय होती है। ग्राम सुहावना मालूम पड़ता है।

सामाजिक स्थिति—इस गाँव की सामाजिक-स्थिति सामान्य है। यहाँ हर जाति के लोग वास करते हैं। लोगों में बहुत मेधा एवं प्रेम है।

आर्थिक स्थिति—यहाँ मध्यवर्गीय लोग अधिक हैं। यहाँ के लोग परिश्रमी एवं दिनानुदिन उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। यहाँ धान, गेहूँ, मकई, लाल मिर्च आदि फसलें उपजाई जाती हैं।

धार्मिक स्थिति—यहाँ सिर्फ हिन्दू-धर्म के मानने वाले लोग हैं। लोग धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। इस गाँव में दो ठाकुरबाड़ी एवं एक शिवालय है। एक ठाकुरबाड़ी के संस्थापक श्री हरिनारायण राय हैं। शिवालय के संस्थापक श्री राजो राय हैं। गाँव के उत्तर एक डीहवार है।

सांस्कृतिक स्थिति—इस गाँव के लोग नाटक एवं कीर्तन में विशेष अभिरुचि लेते हैं। प्राय: छठ आदि पर्वो के अवसर पर यहाँ नाटक एवं कीर्त्तन होता है। यहाँ के लोग रामायण एवं अन्य ग्रंथों के पाठ में विशेष अभिरुचि लेते हैं।

राजनैतिक स्थिति—यहाँ के लोग राजनीति में भी भाग लेते हैं। यहाँ के लोग सरल स्वभाव के हैं एवं अपने जीविकोपार्जन में लगे रहते हैं।

Scanned by CamScanner

साहित्यिक स्थिति—इस गाँव में जनसंख्या के अनुपात में लोग शिक्षित नहीं हैं। इस गाँव में स्नातकोत्तर श्री रामललित राय एवं श्री रामउदय राय हैं। इनके अतिरिक्त श्री रवीन्द्रनारायण राय, श्री महेन्द्र राय, श्री रामचन्द्र राय एवं श्री राम सागर राय आदि स्नातक हैं।

यशस्वी व्यक्तियों द्वारा विशिष्ट योगदान—यहाँ एक सामूहिक पोखरा है एवं साथ ही कई सामूहिक कुएँ भी हैं। हमारे यहाँ एक अपर प्राइमरी पाठशाला भी है। इस विद्यालय के बनाने हेतु श्री जगदीश राय एवं श्री हरिनारायण राय ने जमीन दी है।

पता—श्री महेन्द्र राय, श्री जगदीश राय, श्री हरिनारायण राय।
ग्राम—हरखपुरा,
पो०—गढ़पुरा,
भाया—बखरी बाजार,
जिला—बेगूसराय

५. नारायणपोपर ग्राम

चौहद्दी—इस ग्राम के उत्तर में पनसल्ला, दक्षिण में कावर टोल, पूरब में डुमरी तथा पश्चिम में किरमुड्डी है।

जनसंख्या—इस ग्राम की जनसंख्या लगभग चार हजार है, जिनमें सुरगण ब्राह्मण पाँच सौ हैं। इस ग्राम का रकबा ४००० बीघे के लगभग है। यहाँ छह हाथ का लग्गा चलता है। गाँव के पश्चिम में हनियारा नाला है।

गाँव के दक्षिण में काबर झील है जिसमें रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं। पूरइन के पत्ते फैले हुए हैं जिस पर पानी की बूंदें पड़ने पर सोने जैसी चमक प्रतिभासित होती है। कमल के फूल आदि हैं जो बहुत शोभायमान हैं। कावर में ही एक जयमंगला देवी का मंदिर एवं गढ़ है। जयमंगला देवी की पूजा सालो भर होती है। इसकी पूजा करने के लिए बहुत दूर-दूर के लोग आते हैं और बड़ी श्रद्धा से करते हैं। गाँव से थोड़ा दक्षिण हटकर एक बड़ी झाड़ी है, जिसमें अनेक प्रकार के जानवर रहते हैं।

सामाजिक स्थिति—यहाँ कई जातियों के लोग निवास करते हैं। सभी जातियों के घर अलग-अलग क्रम से बने हुए हैं। सभी जातियों के लोग आपस में प्रेमपूर्वक रहते हैं। सभी परिश्रमी हैं एवं सबों में मेधा है।

आर्थिक स्थिति—यहाँ सम्भवत: अनेक फसलें उपजाई जाती हैं। विशेषत: धान, मकई, गेहूँ, ऊख एवं लाल मिर्च की खेती होती है।

Scanned by CamScanner

धर्म—यहाँ सिर्फ हिन्दू-धर्म को मानने वाले लोग हैं। हमारे यहाँ धर्मशाला एवं शिवालय, ठाकुरवाड़ी इत्यादि भी हैं।

संस्कृति—हमारे यहाँ रासलीला, नाटक इत्यादि का भी आयोजन होता हैं। दुर्गापूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक गोष्ठी आयोजित की जाती है।

राजनीति—हमारे यहाँ के लोग राजनीति में दिलचस्पी कम लेते हैं। यहाँ के ग्रामीण राजनीति के क्षेत्र में अभी पीछे हैं। यहाँ के लोग विशेषकर जीविकोपार्जन में लगे रहते हैं।

साहित्य—हमारे यहाँ शिक्षा-स्तर शून्य है। हमारे यहाँ अभी शिक्षितों, साहित्यिकों का अभाव है। आजकल इस ओर ध्यान दिया जा रहा है।

योगदान—हमारे यहाँ के श्री बच्चू राय ने अपनी सारी सम्पत्ति रामजानकी के नाम से लिखकर ठाकुरवाड़ी स्थापित की है। बिक्कू सहनी ने एक पोखर खुदवाया है। झड़ी सहनी ने एक धर्मशाला बनवायी है। गुलटेन राय ने कमिटी हॉल में अपनी जमीन दी है। बाबू नारायण राय, रामउद्गार राय, त्रिवेणी राय, सुन्दर राय, प्रमोद राय ने अस्पताल के लिए अपनी-अपनी जमीन दी हैं। साथ-ही-साथ श्री राम बिलास राय और श्री परमानन्द राय ने अपनी-अपनी जमीन देकर लोअर प्राइमरी पाठशाला का निर्माण करवाया है।

पता—श्री बाबू नारायण राय, मुखिया
ग्राम—नारायण पीपर
पो०—पनसल्ला, माया-मंझौल
जिला—बेगूसराय

६. गोपालपुर

गोपालपुर ग्राम में हमारे पूर्वज मेघौल से आये थे। पण्डित हरिदत्त मिश्र सम्वत् १६२२ में दरभंगा जिले के पिरोखर गाँव से मेघौल आये थे। पिरोखर ग्राम में सुरगण ब्राह्मण निवास करते थे, जिनका गोत्र पराशर था। पिरोखर में इस समय मात्र काली जी का मन्दिर है। अभी यहाँ पर सुरगण ब्राह्मण नहीं हैं। पिरोखर बस्ती नया जिला मधुबनी (बिहार राज्य) में पड़ता है। हमारे पूर्वजों की पूजनीया माता एक मात्र भगवती हैं।

पण्डित हरिदत्त मिश्र जी की शादी मेघौल के श्री मेघ सिंह की पुत्री श्रीमती कमलावती से हुई। श्री मेघ सिंह कुशमारयमूल के ब्राह्मण थे। कहा जाता है कि

Scanned by CamScanner

इनका निवास-स्थान मेघौल के भीड़ पर था। वह स्थान बूढ़ी गण्डक नदी के किनारे पूरब दिशा में अवस्थित है। यहीं पर हमारे बीज पुरुष पण्डित श्री हरिदत्त मिश्र निवास करते थे। इसलिए हम सुरगणवासी के लिए यह स्थान पूजनीय है।

भौगोलिक स्थिति—श्री द्वारिका मिश्र मेघौल से आकर गोपालपुर गाँव में बस गये। गोपालपुर गाँव बिहार राज्य के बेगूसराय जिलान्तर्गत चेरिया बरिबारपुर अंचल में पड़ता है। गोपालपुर में ग्राम-पंचायत भी है। इसकी आबादी लगभग ३००० एवं क्षेत्रफल १४०० बीघे हैं। इस बस्ती के उत्तर में आकोपुर, दक्षिण में रामपुर घाट, पूरब में नगरी झील तथा पश्चिम में बूढ़ी गण्डक है। गाँव के आस-पास में ही श्री दुर्गा उच्च विद्यालय मंझौल तथा श्री रीति लाल उच्च विद्यालय सकरौली है। इनमें हमारे बाल-बच्चे शिक्षा प्राप्त कर ज्ञानोपार्जन एवं जीविकोपार्जन भी करते हैं। हमलोगों को आवागमन के लिए सारी सुविधाएँ प्राप्त हैं।

धार्मिक वातावरण—इस गाँव में चार ठाकुरबाड़ियाँ एवं एक शिवालय भी है। दोनों मन्दिरों में पूजा-पाठ बराबर चलता रहता है। गाँव के पूरब में श्री भगवती जी का मन्दिर तथा दक्षिण में श्री काली जी का मन्दिर है। काली जी एवं भगवती जी की पूजा प्रत्येक दिन तो होती ही है, वर्ष में एक बार बड़ी धूम-धाम से पूजा होती है।

गोपालपुर गाँव में सुरगणय ब्राह्मणों की संख्या लगभग ५०० है। इसके साथ-ही-साथ यहाँ चकवार ब्राह्मण, जलेबार ब्राह्मण एवं मर्रे मंगरौनी मूल के भी ब्राह्मण हैं। हमलोग प्रायः प्रेम-पूर्वक रहते हैं एवं एक साथ सहभोज भी करते हैं।

सांस्कृतिक वातावरण—श्री द्वारिका मिश्र के खानदान में सबसे प्रमुख व्यक्ति श्री भुवन मिश्र जी हुए जो महान देवता के रूप में माने जाते हैं। उन्हें हमलोग डीहवार कहकर पुकारते हैं। इनकी पूजा प्रत्येक साल आषाढ़ मास में बड़ी धूम-धाम से की जाती है।

इतिहास—हमारे वंश में दूसरे प्रमुख व्यक्ति श्री बंशी बाबा हुए। हमलोग प्रत्येक साल इनकी भी पूजा करते हैं। श्री धनिक लाल राय एवं श्री हीया राय आदि भी प्रमुख व्यक्तियों में गिने जाते हैं। श्री गोपालपुर वासी लडडू लाल राय ने गोपालपुर ग्राम के सुरगण वंश का इतिहास तैयार किया।

श्री राम किशोर प्रसाद सिंह जी (खुटहाडीह के निवासी) धन्य हैं, जिन्होंने सुरगण वंश का इतिहास निर्माण करने में भगीरथ प्रयत्न किया। उन्हें ईश्वर दीर्घायु करें। यही हमलोगों की शुभ कामना है।

पता—श्री लड्डूलाल राय
ग्राम—गोपालपुर
पो०—आकोपुर (जिला-बेगूसराय)

Scanned by CamScanner

७. मटिहानी

चौहद्दी—मटिहानी ग्राम के उत्तर में नरहन स्टेट, दक्षिण में पेतलिया मोचन, पूरब में खोदावन्दपुर प्रखण्ड, पश्चिम में बूढ़ी गंडक है।

जनसंख्या—इस ग्राम की जनसंख्या एक हजार है, जिनमें दो सौ सुरगणै ब्राह्मण है। यहाँ का रकबा ३०० बीघे है। यहाँ छह हाथ का लग्गा चलता है। गाँव के दक्षिण में गंडक का छाड़न है जिससे सिंचाई में सुविधा होती है।

प्राकृतिक सौंदर्य—यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य दर्शनीय है। गाँव से सटे दक्षिण में गंडक का जो छाड़न है उसमें कमल के फूल खिलते हैं जिससे गाँव शोभायमान लगता है। यह तीन तरफ से गंडक से घिरा हुआ हैं।

सामाजिक स्थिति—हमारे यहाँ अनेक जातियों कि लोगों का वास है। गाँव सिमटा हुआ है। गाँव के लोग आपस में प्रेमपूर्वक रहते हैं।

आर्थिक स्थिति—हमारे यहाँ की आर्थिक स्थिति सामान्य है क्योंकि अधिकांश लोग खेती पर ही निर्भर हैं। हमारे यहाँ की मुख्य फसल धान, गेहूँ, मकई, अरहर इत्यादि हैं।

धार्मिक स्थिति—हमारे गाँव में हिन्दू धर्म के मानने वाले लोग हैं। हमारे यहाँ ठाकुरबाड़ी, धर्मशाला इत्यादि नहीं हैं।

संस्कृति—हमारे गाँव में कभी-कभी सांस्कृतिक आयोजन होता है।

राजनीति—हमारे गाँव के लोग राजनीति में अधिक दिलचस्पी लेते हैं।

शिक्षा :—हमारे गाँव में शिक्षा का धीरे-धीरे विकास हो रहा है। यहाँ कोई साहित्यिक व्यक्ति नहीं है।

योगदान :—हमारे यहाँ हरवल्लभ बाबू और यदु बाबू ने कमिटी हॉल बनवाया।

पता—श्री भूपनारायण सिंह
ग्राम—मटिहानी
पो०—मेघौल
जिला—बेगूसराय

●

८. अकहा

चौहद्दी :—उत्तर में बूढ़ी गंडक नदी, दक्षिण में बिसनपुर, पूरब में बूढ़ी गंडक नदी और पश्चिम में संजात नामक ग्राम है।

जनसंख्या :—यहाँ की आबादी लगभग दो हजार है, जिसमें सुरगण वंशी दो सौ हैं। यहाँ का क्षेत्रफल १६०० बीघा हैं। यहाँ पौने छः हाथ का लग्गा चलता

Scanned by CamScanner

है। गाँव के दक्षिण-पूरब में किसुन डोभ नामक झील है। इसके उत्तर-पूरब में बूढ़ी गंडक का जल-पथ विभाग का तटबंध है जिससे बाढ़ के समय गाँव की रक्षा होती है।

गाँव की उत्तर और पूरब दिशाओं में बूढ़ी गंडक नदी बहती है, जो गाँव की शोभा बढ़ाती है। नदी के किनारे ग्रामीण बड़े आनद से आहार-बिहार करते हैं।

यहाँ ब्राह्मण, कुर्मी, कानू, जुलाहा, वैश्य, बनिया, कलवार, कुम्हार, बरैय, दुसाध, कोयरी आदि विभिन्न जातियों के लोग निवास करते हैं। हर जाति के लोगों में साक्षरता एवं आपस में प्रेम-भाव है।

यहाँ की मुख्य फसलें गेहूँ, मकई, धान, अरहर, लालमिर्च, हल्दी, पान इत्यादि हैं। यहाँ के लोग मवेशीपालन भी अच्छी तरह करते हैं। यहाँ की जमीन बहुत उपजाऊ है। गाँव बहुत ऊँची जगह पर बसा हुआ है जिससे बाढ़ एवं अति वृष्टि होने पर भी गाँव सुरक्षित रहता है। यहाँ के कुछ लोग सरकारी सेवा में हैं। इस तरह से गाँव की आर्थिक हालत सुदृढ़ है।

धर्म :—गाँव से उत्तर माँ काली का एक देव-मन्दिर है एवं एक शिव-मंदिर भी है। गाँव में एक ब्रह्म स्थान एवं लक्ष्मी स्थान भी है। वर्ष मे दिवाली के अवसर पर लक्ष्मीजी की पूजा होती है तथा मेला भी लगता है। गंडक नदी के किनारे जो शिव मंदिर है उसमें सावन महीने में सोमवारी का मेला दर्शनीय है। गाँव के मध्य में एक अपर प्राइमरी स्कूल है। गाँव से दक्षिण आधे किलोमीटर की दूरी पर जवाहर ज्योति उच्च विद्यालय है। विद्यालय निकट होने से यहाँ के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती है। इससे सटे पूरब एक मिड्ल स्कूल भी है।

यहाँ के लोगों में राजनैतिक अभिरुचि कम पायी जाती है। यहाँ के लोग खेती-बारी में ही ज्यादा अभिरुचि लेते हैं।

पता—ब्रह्मदेव प्र० सिंह
ग्राम—अकहा
पो०—ईशापुर
जि०—बेगूसराय

६. संजात ग्राम

मेघौल में छः मील दक्षिण संजात ग्राम अवस्थित है। इस ग्राम के एक तरफ गंडक नदी और दूसरी तरफ बैंती नदी बहती है।

श्री संत मिश्र के चार पुत्र हुए—(१) बाबूलाल मिश्र, (२) झारखंड मिश्र, (३) चन्द्रिका मिश्र, (४) यदुनन्दन मिश्र। संजात ग्राम में अभी बाबूलाल मिश्र के पुत्र हरिवंशनारायण और उनके एक पुत्र याज्ञवल्क्य मिश्र हैं।

Scanned by CamScanner

१. मराँची का इतिहास

ग्राम—मराँची, थाना—हथिदह, जिला—पटना।

श्री हरदत्त मिश्र के चार पुत्र हुए :—प्रथम पुत्र श्री रुद्र मिश्र, जो कि सौरिया वस्ती जिला—पूर्णिया में बसे। द्वितीय पुत्र—श्री फूद मिश्र, मेघौल मातृभूमि में ही रहे। तृतीय पुत्र—श्री गोण मिश्र, सिमरिया घाट से दक्षिण-पूरब खुटहा ग्राम का बासिन्दा हुए।

चतुर्थ पुत्र—श्री चैन मिश्र मराँची ग्राम का बासिन्दा हुए। श्री चैन मिश्र के वंशज मरांची में भगत, बरियार और ताजपुर है जिनकी वंशावली अभी तैयार नहीं हुई है। तैयार होने पर लिखी जायगी। चैन मिश्र सम्वत् १६४४ ई० में मराँची आये। बाद (सं० १८००) में श्री किसान चन्द (मिश्र पिताजी का नाम—श्री बालू मिश्र) मराँची आये। ये मेघौल ग्राम (गरीब पट्टी) से मराँची आये थे।

चौहद्दी—उत्तर—रेलवे लाइन और महेन्द्रपुर ग्राम, और हथिदह रेलवे स्टेशन, तथा राजेन्द्र पुल।

पश्चिम—रेलवे लाईन और अपनी जमीन टाल क्षेत्र।

पूरब—गंगा नदी तथा रामदीरी, जगतपुरा तथा विशनपुर ग्राम

दक्षिण—शेरपुर ग्राम।

किसान चन्द मिश्र की विद्वत्ता को देखकर उनसे पूर्व के गोतिया लोग आग्रह किये कि आप भी यहाँ आकर बसें। गोतिया के कहने पर ये यहाँ आकर बसे चूँकि वे फौज के कमाण्डर थे। हमारे गोतिया लोग उस समय अल्पसंख्यक थे। उनके पास जमीन अधिक थी। मरीचि ऋषि की यह तपोभूमि हैं जैसा कि पुराण में भी इसके बारे में लिखा है कि ऋणि ऋषि के आश्रम के नजदीक मरीचि ऋषि का आश्रम था। यहाँ हर वर्ग के लोग शांतिपूर्वक निर्वाह करते हैं। सभी सुखी सम्पन्न हैं। यहाँ पर बड़े-बड़े विद्वान, इंजीनियर, डॉक्टर, वकील और राजनेता मंत्री भी हुए हैं। यहाँ लगभग छः प्राइमरी स्कूल, एक हाईस्कूल, एक महाविद्यालय तथा चार ठाकुरवाड़ी हैं। यहाँ हर धर्म को मानने वाले और संस्था चलाने वाले लोग रहते हैं।

पहले श्री चैन मिश्र मेघौल से मराँची आये। उनका कुर्सीनामा अलग है। पीछे श्री किसानचन्द मिश्र मराँची के दूसरे खूट के बीज पुरुष हुए। ये मेघौल ग्राम के गरीबपट्टी से यहाँ कमाण्डर बनकर आये थे और यहीं के बासिन्दा

Scanned by CamScanner

हुये। श्री किसानचन्द मिश्र, श्री बालू मिश्र के पुत्र थे। श्री किसानचन्द मिश्र के पाँच पुत्र हुए—(१) राणा सिंह (२) लीला सिंह (३) भाल सिंह (४) बदल सिंह (५) मणिमोहर सिंह।

राणा सिंह के तीन पुत्र हुए—(१) कमलनयन सिंह (२) हरजीत सिंह (३) श्री किशोरी सिंह (जो कि पूर्णिया चले गये)।

कमलनयन सिंह के तीन पुत्र हुए: (१) हरदत्त सिंह (२) शिव सिंह (३) दया सिंह।

हरदत्त सिंह के तीन पुत्र हुए: (१) संतोष सिंह (२) बकतौर सिंह (३) बालकिशुन सिंह।

संतोष सिंह के एक पुत्र महादेव सिंह हुए। महादेव सिंह के तीन पुत्र—श्री पहलवान सिंह, हेमराज सिंह और श्री खड्ग सिंह हुए। श्री पहलवान सिंह के पुत्र—श्री गुदर सिंह हुए। श्री गुदर सिंह के तीन पुत्र—श्री वेनी सिंह, श्री हरि सिंह और श्री हेता सिंह हुए। श्री वेनी सिंह के पुत्र—भावनाथ सिंह (ना०) और पुचाई सिंह हुए। पुचाई सिंह के पुत्र—श्री महावीर सिंह (ना०) और श्री रामलाल सिंह हुए। श्री रामलाल सिंह के पुत्र—श्री शिवनन्दन सिंह और श्री वृजनन्दन सिंह हुए। शिवनन्दन सिंह के दो पुत्र विश्वम्भर सिंह (वकील) तथा शम्भू सिंह हुए। विश्वम्भर सिंह के पुत्र डॉ० अजय सिंह तथा विजय सिंह हुए, एवं इनके भाई शम्भू सिंह के पुत्र—उपेन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह तथा श्री नारायण सिंह हुए। श्री वृजनन्दन सिंह के पुत्र—श्री घनश्याम सिंह हुए। घनश्याम सिंह के तीन पुत्र ;—(१) कन्हैया (२) मदन, एवं (३) विवेक हुए।

श्री वेनी सिंह के भाई श्री हरी सिंह थे। हरी सिंह के पुत्र श्री गंगा सिंह हुए। गंगा सिंह के पुत्र—श्री रामप्रसाद सिंह हुए। इनके चार पुत्र—श्री राजेन्द्र सिंह (ना०), श्री राजकिशोर सिंह, श्री विद्यासागर सिंह (इन्जि०) तथा श्री वाल्मीकि सिंह (इन्जि०) हुए। राजकिशोर सिंह के दो पुत्र—श्री चन्द्रमौली सिंह तथा श्री सूर्यमौली सिंह हुए। श्री विद्यासागर सिंह के तीन पुत्र हुए—श्री निरेन सिंह, श्री विरेन सिंह और श्री धीरेन सिंह।

श्री वाल्मीकि सिंह के दो पुत्र—श्री राजा सिंह और श्री छोटे सिंह हैं। श्री वेनी सिंह के छोटे भाई श्री हेता सिंह थे। श्री हेता सिंह के तीन पुत्र हुए: (१) श्री अयोध्या प्रसाद सिंह, (२) श्री लखनलाल सिंह (ना०), (३) श्री रामचन्दर सिंह।

श्री अयोध्या प्रसाद सिंह के तीन पुत्र हुए: (१) श्री भोला प्र० सिंह (२) श्री केदार नाथ सिंह और (३) श्री इन्द्रदेव प्र० सिंह।

Scanned by CamScanner

श्री भोला सिंह के तीन पुत्र हुए : (१) श्री महेश्वर प्र० सिंह (२) श्री सुरेश प्रसाद सिंह, तथा (३) श्री राजेश्वर प्र० सिंह हुए।

श्री महेश्वर प्र० सिंह के पुत्र—डॉ० अरविन्द कुमार सिंह एवं उनके पुत्र कुणाल सिंह हुए। श्री राजेश्वर प्र० सिंह के पुत्र श्री श्याम सुन्दर सिंह हैं।

श्री भोला प्रसाद सिंह के भाई श्री केदारनाथ सिंह के पुत्र श्री रावणेश्वर प्र० सिंह हैं। इनके पुत्र श्री वालकृष्ण सिंह और धरनीधर सिंह हैं। श्री भोला प्र० सिंह के छोटे भाई श्री इन्द्रदेव प्र० सिंह (उर्फ—छोटन सिंह) के पाँच पुत्र (१) राधेश्याम प्र० सिंह (२) नृत्यगोपाल प्र० सिंह (३) गोपेश्वर प्र० सिंह (४) विपिन कुमार, और(५) निगम कुमार हैं।

नृत्य गोपाल सिंह के दो पुत्र (१) श्री रजनीश कुमार, तथा (२) अवनीश कुमार हैं।

श्री अयोध्या प्र० सिंह के छोटे भाई श्री रामचन्दर सिंह के पुत्र श्री विनोद प्र० सिंह हुए। श्री विनोद प्र० सिंह के चार पुत्र (१) श्री रत्नेश्वर प्र० सिंह (२) श्री अशोक कुमार सिंह (३) श्री दिलीप कुमार सिंह, और (४) श्री कृष्ण कुमार सिंह हुए।

श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र—(१) गोपाल सिंह (२) लाल सिंह, और (३) कन्हैया सिंह हुए।

श्री महादेव सिंह के दूसरे पुत्र श्री हेमराज सिंह थे। उनके एक पुत्र श्री भत्तन सिंह थे। श्री भत्तन सिंह के चार पुत्र श्री झोंटी सिंह, श्री गोपाल सिंह, श्री निरवान सिंह और श्री गया सिंह हुए। श्री झोंटी सिंह के पाँच पुत्र—श्री कुलदीप सिंह, श्री रामाधीन सिंह, श्री ओझा सिंह, श्री शिवधिन सिंह और श्री मेदनी सिंह हुए। श्री कुलदीप सिंह के द्वारिका सिंह (ना०) श्री रामकिशुन सिंह (उर्फ) भीखो सिंह (ना०) हुए। श्री झोंटी सिंह के दूसरे पुत्र श्री रामाधीन सिंह के श्री सिधेश्वर सिंह "जो कि महान् विरक्त सिद्ध अपनी बहुत बड़ी सम्पत्ति के विरागी थे।" श्री विशो सिंह (ना०), श्री बद्री दास साधु हो गये। श्री झोंटी सिंह के तीसरे पुत्र श्री ओझा सिंह के पुत्र श्री देवकी सिंह तथा श्री कारू सिंह (ना०) हुए। देवकी सिंह के दो पुत्र श्री मदन सिंह और श्री चन्द्रशेखर सिंह (ना०) हुए। श्री मदन सिंह के दो पुत्र श्री परमानन्द सिंह और श्री गोंगू सिंह हुए। श्री झोंटी सिंह के चौथे पुत्र श्री शिवअधीन सिंह के चार पुत्र श्री वेआदर सिंह, (ना०) श्री रामसागर सिंह (ना०), देवकी सिंह (ना०) और श्री कल्टू सिंह हुए। कल्टू सिंह के पुत्र श्री गौरीशंकर सिंह एवं उनके पुत्र श्री निरंजन सिंह और कन्हैया सिंह हैं।

झोंटी सिंह के पाँचवें पुत्र श्री मेदनी सिंह के पुत्र श्री मथुरा दास साधु हुए। श्री भत्तन सिंह के दूसरे पुत्र श्री गोपाल सिंह एवं उनके पाँच पुत्र श्री भागवत

Scanned by CamScanner

सिंह, श्री हरषित सिंह, श्री गुज्जन सिंह, श्री रूपी सिंह और श्री तुरन्ती सिंह हुए। श्री भागवत सिंह के चार पुत्र श्री जादो सिंह, श्री राधो सिंह, श्री दामोदर सिंह और श्री रामशरण सिंह हुए। श्री जादो सिंह के पुत्र श्री रामछबीला दास साधु हो गये। राधो सिंह के पुत्र श्री कीटर सिंह (ना०) हुए। श्री दामोदर सिंह के पुत्र श्री गीता सिंह और श्री रामलगीना सिंह हुए। श्री गीता सिंह के तीन पुत्र श्यामकिशोरी सिंह, रामनरेश सिंह और उमाशंकर सिंह हैं। श्री रामलगीना सिंह का पुत्र विजय सिंह है। श्री भागवत सिंह के चौथे पुत्र श्री रामशरण सिंह हुए। उनके पुत्र श्री पशुपति सिंह, श्री शिवू सिंह और अरुण सिंह हैं। पशुपति सिंह के पुत्र श्री पंकज सिंह हैं। श्री भागवत सिंह के दूसरे भाई श्री हरषित सिंह के पुत्र श्री सूर्यनारायण सिंह पण्डित "गीता अठारहो अध्याय के ज्ञाता" (ना०) श्री राधावल्लभ दास साधु हो गए। श्री भागवत सिंह के तीसरे भाई श्री गुन्जन सिंह के पुत्र श्री कामता सिंह, श्री हृदय सिंह (ना०), श्री लाछो सिंह (ना०), श्री रामवरण सिंह (ना०) हुए। श्री कामता सिंह के पुत्र श्री हरिवल्लभ सिंह और श्री केदार सिंह हुए। श्री हरिवल्लव सिंह के पुत्र श्री शिवशंकर सिंह, श्री चन्द्रमौली सिंह और श्री विजय सिंह हुए। श्री शिवशंकर सिंह के पुत्र श्री पप्पू सिंह हैं। श्री केदार सिंह के पुत्र श्री नन्दकिशोर सिंह, बौआ सिंह, अवध सिंह और नुनू सिंह हुए। श्री नन्दकिशोर सिंह के पुत्र श्री दीपो सिंह हैं। श्री भागवत सिंह के चौथे भाई श्री रूपी सिंह के एक पुत्र सन्त शिरोमणि प्रातःस्मरणीय श्री जमुना सिंह घर में ही विदेह बने रहे। श्री जमुना सिंह के पुत्र श्री रामसोगारथ सिंह के दो पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह और श्री रामजतन सिंह हैं। राजेन्द्र सिंह के दो पुत्र ललन सिंह और फुलेना सिंह हैं। श्री रामजतन सिंह के दो पुत्र दयाराम सिंह और श्री हरेराम सिंह हैं। श्री भागवत सिंह के पाँचवें भाई श्री तुरन्ती सिंह के दो पुत्र श्री प्रयाग सिंह (ना०) और श्री रामरेखा सिंह हुए। श्री रामरेखा सिंह के तीन पुत्र श्री वाल्मीकि सिंह, श्री रामायण सिंह और श्री भवानी प्रसाद सिंह हैं। श्री वाल्मीकि सिंह के पुत्र श्री विश्वनाथ सिंह हैं। श्री रामायण सिंह के पुत्र श्री उमाशंकर सिंह हैं। श्री भवानी सिंह के दो पुत्र शिवजी सिंह और मनोज सिंह हैं।

श्री भत्तन सिंह के तीसरे पुत्र श्री निरवान सिंह के तीन पुत्र श्री खरतर सिंह (ना०), श्री बाबूलाल सिंह और श्री काली सिंह हुए। श्री बाबूलाल सिंह के दो पुत्र श्री सहदेव सिंह (ना०) और श्री रामशरण सिंह हुए। श्री रामशरण सिंह के पुत्र श्री हरिनन्दन सिंह के दो पुत्र श्री नन्दकिशोर सिंह (इन्जीनियर) और श्री डॉ० अवध किशोर सिंह है। श्री निरवान सिंह के तीसरे पुत्र श्री काली सिंह के एक पुत्र श्री देवनारायण सिंह हुए। श्री देवनारायण सिंह के दो पुत्र श्री नवलकिशोर

Scanned by CamScanner

सिंह और श्री रामानुज सिंह हुए। श्री नवलकिशोर सिंह के तीन पुत्र, श्री कृष्णवल्लभ सिंह, श्री चन्द्रमौली सिंह और श्री रामदुलार सिंह हैं। श्री रामानुज सिंह के एक पुत्र श्री नित्यानन्द सिंह हैं।

श्री भत्तन सिंह के चौथे पुत्र श्री गया सिंह के पुत्र श्री रामतवक्कल सिंह, श्री रामकेशावर सिंह हुए। श्री रामतवक्कल सिंह के एक पुत्र श्री देवनन्दन सिंह के तीन पुत्र श्री भोला सिंह, श्री बालेश्वर सिंह और श्री राजकिशोर सिंह हुए। श्री भोला सिंह के चार पुत्र श्री बलिराम सिंह, श्री अभिराम सिंह, श्री शालिग्राम सिंह तथा श्री मणिराम सिंह हुए। श्री बालेश्वर सिंह के तीन पुत्र श्री शम्भू सिंह, श्री शिवदानी सिंह तथा श्री कैलाश सिंह हैं। श्री राजकिशोर सिंह के दो पुत्र श्री परमानन्द सिंह और श्री सदानन्द सिंह हैं।

श्री गया सिंह के छोटे पुत्र श्री रामकेशावर सिंह के तीन पुत्र श्री रामपदार्थ सिंह, श्री नारायण सिंह, और श्री सत्यनारायण सिंह हैं। श्री रामपदार्थ सिंह के पाँच पुत्र श्री भागीरथ सिंह, श्री गौरीशंकर सिंह, श्री कृष्णसागर सिंह, श्री अरुण कुमार सिंह और श्री राधे सिंह हुए। श्री नारायण सिंह के पुत्र श्री रामकिशोर सिंह और श्री गणेश सिंह हैं। श्री रामपदार्थ सिंह के छोटे भाई श्री सत्यनारायण सिंह के पुत्र श्री बब्बन सिंह के श्री लालो सिंह और टूना सिंह हैं। श्री महादेव सिंह के तीसरे पुत्र श्री खड्ग सिंह हुए। उनके तीन पुत्र श्री धूरी सिंह (ना०), श्री नकछेद सिंह और श्री पोखराज सिंह हुए। श्री नकछेद सिंह के चार पुत्र श्री लोकनाथ सिंह, श्री बुल्ली सिंह, श्री रामउदित सिंह और श्री रामदास सिंह (ना०) हुए। श्री लोकनाथ सिंह के तीन पुत्र श्री कामता सिंह, श्री तिरपित नारायण सिंह और श्री रामस्वरूप सिंह (ना०) हुए। श्री कामता सिंह के तीन पुत्र श्री वृजनन्दन सिंह, श्री श्यामबहादुर सिंह और श्री रामाशीष सिंह हुए। श्री वृजनन्दन सिंह के पुत्र श्री चन्द्रमौली सिंह के पुत्र श्री कन्हैया सिंह हैं। श्री श्याम बहादुर सिंह के तीन पुत्र श्री शालिग्राम सिंह उर्फ विलायती सिंह, सुलेन्द्र सिंह और श्री शशिभूषण सिंह हैं। श्री रामाशीष सिंह के तीन पुत्र श्री रामाशंकर सिंह, श्री प्रमोद सिंह और श्री नारायण सिंह हैं। श्री लोकनाथ सिंह के द्वितीय पुत्र श्री तिरपित नारायण सिंह के दो पुत्र श्री नन्दलाल सिंह और श्री सुरेशचन्द्र सिंह (ना०) हुए। श्री नन्दलाल सिंह के पुत्र श्री रघुवंश सिंह के दो पुत्र रामकुमार सिंह और कृष्णकुमार सिंह हैं।

श्री नकछेद सिंह के दूसरे पुत्र श्री बुल्ली सिंह के दो पुत्र श्री दुःखा सिंह और श्री रामबालक सिंह हुए। श्री दुःखा सिंह के दो पुत्र श्री कपिलदेव सिंह और श्री रामविलास सिंह हुए। श्री कपिलदेव सिंह के दो पुत्र श्री रामजी सिंह

Scanned by CamScanner

और श्री नन्दकिशोर सिंह हैं। श्री रामजी सिंह के पुत्र श्री रोहित उर्फ पप्पू तथा नन्दकिशोर सिंह के पुत्र श्री राजेश सिंह और रजनीश सिंह हैं। श्री दुःक्खा सिंह के दूसरे पुत्र श्री रामविलास सिंह के चार पुत्र श्री गौकरण प्र० सिंह, श्री श्रवण सिंह, श्री जय सिंह और श्री विजय सिंह हैं। श्री गौकरण सिंह के पुत्र श्री रामप्रिय सिंह है। श्री बुल्ली सिंह के दूसरे पुत्र श्री रामबालक सिंह के दो पुत्र श्री रामाश्रय सिंह और श्री सन्तशरण सिंह हुए। श्री सन्तशरण सिंह के पुत्र श्री शंकर सुबोध सिंह, श्री रामसुधीर सिंह, श्री रामसुजीत सिंह और श्री चन्दन कुमार सिंह हैं।

श्री नकछेद सिंह के तीसरे पुत्र श्री रामउदित सिंह के दो पुत्र श्री अनिरुद्ध सिंह और श्री सच्चिदानन्द सिंह हुए। श्री अनिरुद्ध सिंह के दो पुत्र श्री भुनेश्वर सिंह और श्री अवधेश सिंह हैं। श्री भुनेश्वर सिंह के दो पुत्र श्री श्यामसुन्दर सिंह "धीरज" (मंत्री) और श्री शम्भू सिंह हैं। श्री श्यामसुन्दर सिंह (मंत्री) के पुत्र श्री रामगोपाल सिंह और श्री शम्भू सिंह के पुत्र श्री गौतम सिंह हैं। श्री अनिरुद्ध सिंह के छोटे पुत्र श्री अवधेश सिंह के दो पुत्र श्री संजय सिंह औ श्री धनंजय सिंह हैं। श्री अनिरुद्ध सिंह के भाई श्री सच्चिदानन्द सिंह के दर पुत्र श्री महेश्वर सिंह और श्री उमेश सिंह हैं। श्री महेश्वर सिंह के तीन पुत्र श्री अनिल सिंह, श्री राम सिंह, और श्री राधेश्याम सिंह हैं। श्री उमेश सिंह के पुत्र श्री रामललन सिंह, श्री रामरतन सिंह और श्री रामभुवन सिंह हैं।

श्री खड़ग सिंह के तीसरे पुत्र श्री पोखराज सिंह के दो पुत्र श्री आद्या सिंह और श्री धाना सिंह हैं। श्री आद्या सिंह के पुत्र श्री रामरक्ष्या सिंह के पुत्र श्री बच्चू सिंह हुए। श्री बच्चू सिंह के तीन पुत्र श्री रामप्रवेश सिंह, श्री कृष्णकान्त सिंह और श्री नित्यानन्द सिंह हैं। श्री रामप्रवेश सिंह के पुत्र···हैं।

जहाँ तक इस ग्राम के नामकरण का प्रश्न है, इस ग्राम के सभी बड़े बूढ़े
मुख से एक किंवदन्ती सुनी जाती है। किंवदन्ती के अनुसार जब स्व० श्री
ौण मिश्र अपने ननिहाल "बेगूसराय मेब्रौल" से वैद्यनाथ धाम तीर्थयात्रा
रहे थे तब वे इसी स्थल से गुजरे थे। इस पावन-स्थल पर पहुँचने
न्होंने एक जगह चूहा और साँप को लड़ते पाया। उनके आश्चर्य की सीमा
ीं रही जब उन्होंने देखा कि चूहे ने साँप को परास्त कर उसे द... लिया
घटना को देखकर उन्हें विश्वास हो गया कि यह स्थल क...
नहीं, बल्कि पराक्रम का स्थल है। उन्होंने उसी क्षण वहीं बसने
। चिह्नस्वरूप उन्होंने यहाँ एक बड़ा खूँटा गाड़ दिया
से लौटने पर उस स्थान की पहचान हो जाय। संभवतः
का नाम खुटहा पड़ा। उस आदिस्थल के इर्द-गिर्द के भू-भाग
ो संज्ञा मिली। तीर्थयात्रा से लौटने पर स्व० श्री गौण मि...
हीं स्थापित किया। वे अपने ज्ञान एवं पांडित्य के ...
थे। उनमें भविष्यवाणी करने की अद्भुत शक्ति थी।
...ार इस भू-भाग का शासक एक मुसलमान बादशाह था
विष्यवाणी की क्षमता को सुनकर घोड़ी पर सवार होकर
हुँचा और इनसे प्रश्न किया कि इस घोड़ी के गर्भ में कैसा
स्व० श्री पंडित जी ने जवाब दिया कि इस घोड़ी के पेट में श्याम...
है। बादशाह के अदेशानुसार जब घोड़ी का पेट चीरा गया तो उसमें सचमुच
घोड़ा का शिशु वर्त्तमान था।

...श्र जी की इस क्षमता से प्रभावित होकर बादशाह ने उनसे कुछ
...ने इन्कार कर दिया किन्तु बादशाह ने नहीं मान...
घोड़ा उन्हें देकर कहा कि इस घोड़े पर सवा...

Scanned by CamScanner

जितनी दूर आप घूम जायेंगे, उतनी भूमि आपकी हो जायगी। इस तरह इस ग्राम की भौगोलिक स्थिति का निर्धारण हुआ। मिश्र जी की जागीर वर्तमान काल के खुटहा ग्राम से काफी बड़ी थी। इसकी पूर्वी सीमा सूर्यगढ़ा तक फैली थी। उत्तर में रामदीरी तक यह सटा हुआ था तथा पश्चिम और दक्षिण में इसकी सीमा क्रमशः जैतपुर, सिकन्दरपुर तथा वरगुजर जिसे लोग वालगुदर कहते हैं, वहाँ तक फैली थी। वर्त्तमान काल में इसके भौगोलिक नक्शे में कुछ परिवर्त्तन आ गया है, फिर भी ऐतिहासिक दृष्टि से यह दर्शनीय है।

जहाँ तक इसका ऐतिहासिक सम्बन्ध है यह ग्राम लगभग चार सौ वर्ष पुराना है। इस प्रकार इसकी स्थापना संभवतः अकबर बादशाह के शासनकाल के दौरान हुई होगी। इस ग्राम की स्थापना के बाद गंगा का प्रकोप हुआ और यह लगभग कट गया। गंगा उत्तर में बहती है। दक्षिण में हरुहर नदी अपने कल-कल धारा के साथ बहती है। इसके बाद दियारा पड़ा और खुटहा ग्राम के साहसी-निवासी अपने पुराने स्थल पर आकर बस गये। पिछले पाँच-छह वर्षों से गंगा पुनः कुपित हो गयी हैं और ग्राम की लगभग पाँच मील जमीन इनकी उदर में समा चुकी। भविष्य अंधकारमय है। ऐसा लगता है कि गौण मिश्र के पुण्य से अर्जित चार सौ वर्ष की पुरानी यह बस्ती लुप्त हो जायगी लेकिन इस ग्राम के लोगों में अदम्य साहस एवं क्षमता है। विश्वास है कि इस पितृभूमि को संहार से बचा लिया जायगा, क्योंकि यह पुण्य से अर्जित भूमि है। गौण मिश्र के "वीर राय" एक मात्र पुत्र हुए। वीर राय के पाँच पुत्र हुए जिनके नाम क्रमशः सर्वश्री नीलकंठ राय (जो डीह पर गये), नरसिंह राय, कीर्तिनारायण राय, मनन राय और शिवदत्त राय हैं। माधव राय तथा दर्प राय वीर राय के प्रपौत्र थे। वर्त्तमान काल में नरसिंह राय, शिवसिंह राय, दर्प राय तथा माधव राय के वंशज चार पट्टियों में विभाजित हैं। यह विभाजन खुटहाडीह तथा चेतन टोला के निवासियों पर समान रूप से लागू होता है। वर्त्तमान काल में खुटहा ग्राम की जोत की भूमि लगभग नौ हजार बीघे (एक लग्गा ६।।।० पौने सात हाथ) में फैली हुई है। दोनों डीह एवं टोला में कुल मिलाकर इसकी आबादी उन्नीस हजार (१३००० डीह और ६००० चेतन टोला की हैं) है। भूमिहार ब्राह्मणों की नौ हजार आबादी में से लगभग ९५ प्रतिशत सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण और ५ प्रतिशत में चंसिया धौरानी, सिबरनिया इत्यादि भूमिहार ब्राह्मण लोग हैं।

इस ग्राम की सांस्कृतिक परम्परा काफी गौरवमय रही हैं। शिक्षा, कला, धर्म एव शारीरिक क्षमता इत्यादि क्षेत्रों में यह ग्राम इस इलाके में

---

१. सरकार से मान्यता प्राप्त ६॥ हाथ का लग्गा एवं आपस में खरीद बिक्री में ६॥ हाथ का लग्गा चलता है।

Scanned by CamScanner

अग्रणी रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में यह ग्राम अन्य ग्रामों की तुलना में देर से आरम्भ हुआ किन्तु जागरण के बाद इसकी प्रगति काफी संतोषजनक रही। वर्त्तमान काल में प्रोफेसर, डॉक्टर, इन्जीनियर अधिवक्ता आदि प्रतिष्ठित पदों पर इसके निवासी सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण आसीन हैं।

उदाहरण के लिए इस ग्राम के श्री शिवशंकर प्रसाद सिंह बड़हिया थाने में तीसरे व्यक्ति हैं, जिन्होंने अखिल भारतीय सेवा में सफलता प्राप्त की है तथा वर्त्तमान काल में भारतीय राजस्व सेवा अन्तर्गत आयकर अधिकारी के पद पर धनबाद में आसीन हैं। इसके पूर्व ये पटना विश्वविद्यालय में पाँच वर्षों तक अंग्रेजी के प्राध्यापक थे। इन्हीं के बड़े भाई डॉक्टर श्री भोला प्रसाद सिंह भागलपुर विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर विभाग में रीडर हैं, जिनके आधुनिक राजनीति विज्ञान में अनेकों गवेषणापूर्ण ग्रन्थ एवं शोध लेख प्रकाशित हैं। इन दोनों के अलावे श्री राम स्वारथ सिंह तथा श्री रवीन्द्र सिंह बोकारो स्टील कारखाने में वरिष्ठ अभियन्ता हैं। इनके अलावा चिकित्सा के क्षेत्र में श्री कृष्णमोहन सिंह, श्रीमती शान्ति देवी ख्याति अर्जित कर रहे हैं। साथ ही साथ लगभग १० व्यक्ति अभी डाक्टरी शिक्षा में संलग्न हैं। श्री हरे राम सिंह मवेशी डाक्टर बन चुके हैं। वे लगभग १० वर्षों से कार्यरत हैं। प्रोफेसरी के क्षेत्र में श्री वाल्मीकि सिंह तथा चेतन टोला के डॉ० श्री बालमुकुन्द सिंह अपने कॉलेज में लोकप्रियता प्राप्त कर चुके हैं।

इस ग्राम के प्रथम स्नातक श्री दशरथ सिंह, पुत्र स्व० श्री सियाशरण सिंह, हैं जिन्होंने स्नातक होने के बाद कुछ दिनों तक शिक्षा विभाग में सेवा करने के बाद वकालत की परीक्षा पास कर १९५१ ई० से वकालत कर रहे हैं और अभी मुंगेर जिला के मुख्यालय में अधिवक्ता हैं। उनके पुत्र श्री परमानन्द सिंह भी मुंगेर ही में १९७८ ई० से अधिवक्ता हैं। उक्त श्री दशरथ सिंह अधिवक्ता के कनीय पुत्र श्री सच्चिदानन्द प्रसाद सिंह बी० आई० टी०, सीन्द्री से यांत्रिक (मेकेनीकल) इनजीनियरिंग पास कर अभी मोतिहारी में सरकारी सेवा में संलग्न हैं।

धर्म के क्षेत्र में प्रातःस्मरणीय स्व० श्री १०८ बाबा रामभजन दास जी के शिष्य स्व० श्री १०८ श्री मनोहर दास जी का स्थान खुटहा में हैं, जिनका नाम अमर रहेगा। उन्होंने कई यज्ञ किये। अश्वदान, हाथीदान, गोदान, अन्न तथा वस्त्र दानकर उन्होंने याचकों को अयाचक कर दिया। यज्ञ-मंडप जय-जयकार से गूंज उठा। उनके स्थान में मानस-मार्त्तण्ड विद्वानों का हमेशा स्वागत होता रहा और वे सभी विद्वज्जनों का आदर करते रहे। कहावत है :—

"जो गया रोता वो आया हँसता इसके द्वार से।
यानी उनको ब्रह्मशक्ति है मिली करतार से॥"

Scanned by CamScanner

इन्होंने समाजसेवा के अनेक कार्य किये। इन्हीं के प्रभाव से खुटहाडीह में अस्पताल का निर्माण हुआ था। इन्होंने अखिल भारतीय स्तर के दो महान यज्ञ किये थे जिनमें देश के प्रसिद्ध सन्त, साधक, विद्वान शामिल हुए थे। ये अन्य स्थानों में भी घूम-घूम कर यज्ञ सम्पन्न करते रहे। बड़े पैमाने पर वे दरिद्र नारायण के लाभार्थ आयोजन किया करते थे। बाबा बासुकीनाथ में इनके द्वारा बनवायी हुई धर्मशाला भी वर्त्तमान है।

कला के क्षेत्र में भी यहाँ के अनेकों ग्रामीण संगीतज्ञ हो चुके हैं, जिनमें स्व० श्री चन्दर सिंह, स्व० श्री रीता प्रसाद सिंह इत्यादि के नाम उल्लेखनीय हैं। उनकी परम्परा का पालन अनेकों गुणी लोग कर रहे हैं।

पहलवानी के क्षेत्र में यह ग्राम इलाके का सिरमौर था। पहलवानों में स्व० श्री लम्बू कन्हैया, स्व० श्री गुरु बक्स सिंह, स्व० श्री हितू सिंह, स्व० श्री विष्णुदेव सिंह, स्व० श्री कोकिल सिंह, श्री गोरे लाल सिंह जीवित तथा चेतन टोला के श्री गया सिंह, स्व० श्री वासुदेव सिह के नाम से बच्चे-बच्चे परिचित हैं। दुःख की बात है कि इनकी परम्परा में योग्य पहलवानों की कमी हो गई, जिसका मूल कारण गरीबी तथा इस कला में प्रशंसा एवं पारखियों का अभाव है।

यह ग्राम त्योहारों को मनाने में भी अग्रणी है। यहाँ की होली देखने के लिए इलाके के लोग आते हैं। होली में जिस सहानुभूति, सामूहिकता, भ्रातृत्व एवं एकता का प्रदर्शन किया जाता है वह सचमुच प्रशंसनीय है। गाँव के बीचोबीच दो पक्के नाले बने हुए हैं जिसे हमलोग रंगमंच कहते हैं। होली के दिन चार बजे संध्या को दोनों नालियों पर ग्राम के दोनों तरफ के युवक लम्बी-लम्बी पिचकारियों को लेकर जुटते हैं। उनकी मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा, जवानी का उन्माद, रंगों की फुहारें अनुपम चित्र उपस्थित करता है। विश्वास किया जा सकता है कि इस तरह की होली बिहार के किसी ग्राम में नहीं होती होगी। खान-पान, रहन-सहन और संगीत की लहरियाँ अजब छटा दर्शाती हैं। इस ग्राम की कला एवं होली समाज-शास्त्रियों के लिए अध्ययन का एक विषय है।

किन्तु गंगा की विकराल लहरें अब प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट कर रही हैं। सरकार की ओर से प्रयास जारी है। युद्ध स्तर पर तैयारी से ही इस प्राचीन ग्राम की रक्षा संभव है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सदियों का यह पुराना ग्राम गंगा के निर्दय उदर में समा जायगा। अतः न केवल सरकार वरन समाज से भी अनुरोध है कि वह इसकी रक्षा का कोई अति प्रभावकारी उपाय सोचे।

रामपुर के निवासी श्री धर्म मिश्र की शादी मधुरापुर के निवासी श्री राम प्रसाद मिश्र की लड़की से हुई। श्री धर्म मिश्र प्रथम बार रोकसदा कराकर घर जा

Scanned by CamScanner

रहे थे। रास्ते में रात हो जाने के कारण वे खुटहा के आगे डकुआ पीपल के नीचे ठहर गये। अर्द्धरात्रि के समय चोरों ने पीपल के वृक्ष पर से ढेले फेंके। वृक्ष पर पक्षी रहते थे। सभी पक्षी उड़ने लगे। उस समय सभी आदमियों को यह भ्रम हुआ कि अब सबेरा होने चला है। इसलिए वे वहाँ से प्रस्थान कर गए। थोड़ी दूर जाने पर चोरों ने उनलोगों को घेर लिया। सभी आदमी सवारी छोड़कर भाग गये। चोर चोरी करने लगे। तो लड़की अकेली पड़ गयी और रोने लगी। लड़की के रोने की आवाज खुटहा के श्री गूजा मिश्र ने सुनी। उन्होंने वहाँ जाकर देखा तो एक लड़की को रोते पाया। उस लड़की ने चोरी की सारी कहानी उन्हें सुनायी। तब गुजा मिश्र जी ने गाँव से कुछ लोगों को पुकारा। जब कुछ लोग जुटे तो सभी उस लड़की को सवारी सहित खुटहा ले गये और उसे अपनी ही लड़की की तरह कुछ दिनों तक उनलोगों ने रक्खा। उसके बाद रामपुर एवं मधुरापुर दोनों ग्रामों के परिवारों को बुलाकर आश्रित कन्या की बिदाई पुत्री के समान की।

उसी दिन से सामाजिक रूप से मधुरापुर, रामपुर और खुटहा तीनों में शादी विवाह बन्द हो गया। तीनों ग्रामों के लोग भ्रातृवत् अभी भी रहते हैं।

खुटहाडीह शाखा के ग्रामों का इतिहास

ग्राम—परिचय

ग्राम—खुटहा चेतनटोला, पो०—खुटहाडीह, जिला-मुंगेर।

ग्राम चेतनटोला मुख्य ग्राम खुटहाडीह से १ मील पूरब में लगभग सौ वर्षों से आबाद है। इस ग्राम की प्राकृतिक छटा अत्यंत मनोरम है। उत्तर में पतित-पावनी गंगा की कलकल धारा, दक्षिण से उर्वर समतल भूमि और पूरब-पश्चिम में क्रमशः मालपुर और खुटहाडीह स्थित हैं।

इस स्थान पर सर्वप्रथम बाबा चेतनराम आकर बसे और उनके साथ चारों पट्टी के लोग भी आए। जिनसे यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण वंश की स्थापना हुई। इस इलाके में सुरगणै वंश के आदिग्राम खुटहाडीह से सम्बन्ध होने के कारण यह गाँव भी अपने बहुमुखी विकास में पीछे नहीं रहा।

इस ग्राम के ९५% निवासी सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण ही हैं। इनके अतिरिक्त जाजी, देलौंचे, घौरानी और हरतकिया भूमिहार ब्राह्मण भी यहाँ रहते हैं। सुरगणै एवं अन्य भूमिहार ब्राह्मणों के अतिरिक्त अन्य जातियों के लोग भी इस गाँव के वासी हैं। सभी सनातन धर्मी ग्रामीण स्व० श्री १०८ श्री रामभजन दास जी महाराज को अपना अध्यात्मिक गुरु मानते हैं; जिन्होंने एक धार्मिक महायज्ञ का

सफल एवं अविस्मरणीय आयोजन किया। उन्हीं की प्रेरणा से इस गाँव के लोगों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि जगी जिसके फलस्वरूप मध्य विद्यालय एवं बालिका विद्यालय की स्थापना हुई। ये विद्यालय आज भी चेतनटोला ग्राम में शिक्षा के दीप प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। चेतनटोला में शैक्षिक चेतना जगाने मे डॉ० श्यामसुन्दर सिंह एवं प्रो० बालमुकुन्द सिंह का अमूल्य योगदान है। इस ग्राम के अभियंता श्री राजनीति सिंह बोकारो इस्पात 'कारखाने में कार्यरत हैं एवं भारतीय प्रतिरक्षा को भी इस गाँव के एक जवान श्री के०एन० सिंह की सेवाएँ उपलब्ध हैं।

यह गाँव शक्ति, शौर्य एवं साहस के लिए भी प्रसिद्ध रहा है। यहाँ के स्व० श्री वासुदेव सिंह एवं स्व० श्री जगदम्बी सिंह अपने समय के नामी पहलवान थे! वर्त्तमान में सर्वश्री गया सिंह तथा रामदेव सिंह भी उतने ही नामवर हैं। छोटे पहलवान में श्री रामनंदन सिंह एवं श्री मारकण्डे सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। इस ग्राम के पहलवान श्री गया सिंह के सम्बन्ध में कहा जाता है कि एक मुकाबले में उन्होंने अपने शरीर पर भाले की साठ चोटें खायीं।

इस गाँव का दुर्भाग्य सन् १९४५ से ही आरंभ हुआ जबकि पुण्य सलिला गंगा ने इसकी उर्वर भूमि को काटना शुरू कर दिया एवं १९७५ तक इसे पूर्णतः उदरस्थ कर लिया। इस दैवी प्रकोप ने ग्रामीणों की जीविका के साधन—खेतों से उन्हें वंचित कर दिया। अब ये उजड़े हुए लोग इधर-उधर झोपड़ियाँ बनाकर रहते हुए पशुपालन पर निर्भर हैं।

इतनी कठिनाइयों के वावजूद इस ग्राम के लोगों ने शिक्षा की अनिवार्यता को समझते हुए भवनविहीन मध्य विद्यालय को प्रधानाध्यापक श्री रामउदीति प्र० सिंह एवं सहायक शिक्षक श्री सीताराम सिंहजी के सहयोग से अब तक जीवित रखा है।

और अंत में उन महानुभावों का श्रद्धापूर्वक नामोल्लेख आवश्यक है जिनके सत्प्रयत्नों से इस ग्राम के सुरगणे भूमिहार ब्राह्मणों का वंशवृक्ष उपलब्ध हो सका है। उन महानुभावों के शुभनाम हैं—स्व० श्री राधो सिंह, श्री रामजी सिंह, श्री रामेश्वर प्र० सिंह एवं श्री रामकेश्वर प्र० सिंह।

●

२. ग्राम—डीहपर

यह ग्राम बिहार के प्रसिद्ध औद्योगिक नगर बेगूसराय से बारह मील उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है। पाँच हजार की आवादी वाला यह ग्राम बेंती, बलान एवं बूढ़ी गंडक नदियों के संगम पर शोभायमान है। बलान नदी इस गाँव के पश्चिम एवं उत्तर में तथा बूढ़ी गंडक पूरब दिशा में प्रवहमान है। डीहपर ग्राम बरौनी अंचल और थाने का उत्तरी सीमांत ग्राम हैं।

Scanned by CamScanner

ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण कई प्राचीन टीले अभी भी इस गाँव में विद्यमान हैं। कुछ दिनों पूर्व यहाँ के एक खेत से लगभग पन्द्रह की संख्या में प्राचीन सिक्के भी उपलब्ध हुये थे। अगर इन टीलों की व्यवस्थित ढंग से खुदाई की जाय तो बहुत कुछ ऐसा मिल सकता है जिसका प्रचुर पुरातात्विक महत्व होगा।

प्रस्तावित और निर्माणाधीन बेगूसराय-वीरपुर-संजात सड़क इस गाँव के मध्य से गुजरती है। इस सड़क का निर्माण-कार्य पूरा हो जाने पर इस गाँव की विकास-प्रक्रिया में गति आ जाएगी।

इस गाँव के अधिकांश लोगों का मुख्य पेशा खेती एवं पशुपालन ही है। यद्यपि इस गाँव का कुल क्षेत्रफल बहुत अधिक नहीं है तथापि किसान परिश्रमी एवं आधुनिक ढंग से खेती करने वाले हैं—फलस्वरूप उत्पादन अच्छा हो जाता है। इस गाँव के पूर्वोत्तर टोले का नाम मलहडीह है। यथानाम यहाँ मल्लाहों की आवादी है जो मछली मारने का धंधा करते हैं। यह टोला इलाके में मछली आपूर्त्ति का एक केन्द्र है।

इस गाँव के निवासियों ने मिल जुलकर रहने का महत्व बहुत पहले जान लिया और आज तक उसका निर्वाह कर रहे हैं। गाँव की समस्या गाँव में ही सुलझाने की परम्परा है। सारे गाँव को एकता और सौहार्द्र के सूत्र में बांधने वालों में स्व० श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह एवं स्व० श्री सूर्यनारायण सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं।

राजनीतिक रूप से इस गाँव के लोग स्वतन्त्रता-संग्राम काल से ही क्रिया-शील रहे हैं। स्व० श्री बाबू और स्व० रामचरित्र बाबू सरीखे राजनीतिक धुरंधरों का इस गाँव से बड़ा ही जीवन्त संबंध था। इनके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के स्वतन्त्रता सेनानियों का यह गाँव प्रिय आश्रय-स्थल रहा है। इस गाँव के सर्वश्री रामलगन सिंह, बनारसी प्रसाद सिंह एवं श्री ज्योतिन्द्र प्रसाद सिंह आदि पुराने स्वतन्त्रता सेनानी हैं।

दान एवं कीर्ति के क्षेत्र में भी इस गाँव के लोग काफी बढ़े-चढ़े हैं। गाँव का मध्यविद्यालय यहाँ ग्रामीणों की दानशीलता एवं कीर्ति-प्रियता का उदाहरण है। इधर इस गाँव के सर्वाधिक सम्पन्न एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों में अग्रगण्य श्री गीता प्रसाद सिंह जी ने आधुनिक सुविधाओं वाला एक अस्पताल खोलने की घोषणा की है।

धर्म, अध्यात्म एवं परोपकार के क्षेत्र में स्व० श्री महताव सिंह जी का नाम उल्लेखनीय है। इनकी धर्मपरायणता एवं परोपकारिता सुप्रसिद्ध हैं। गाँव में

Scanned by CamScanner

एक प्राचीन टीला है जिसपर 'सती माँ' का स्थान है जिनपर ग्रामीणों की अपार श्रद्धा है।

सर्वश्री यमुना प्रसाद सिंह, जयदेव प्र० सिंह, परमेश्वरी सिंह (अमीन साहेब) राजावली प्र० सिंह आदि वर्त्तमान समय में इस गाँव की सर्वतोमुखी प्रगति के लिए प्रयत्नरत हैं। इन महानुभावों के सत्प्रयत्नों से इस गाँव की उत्तरोत्तर एवं बहुमुखी प्रगति की आशा दृढ़ से दृढ़तर होती जा रही है।

३. बरैपुरा

बरैपुरा ग्राम वीरपुर ग्रामपंचायत के अन्तर्गत है। इसके उत्तर-पश्चिम और दक्षिण में बलान नदी बहती है और पूरब में वीरपुर ग्राम है। इस ग्राम के एक पोखरे से बहुत पहले काली की एक मूर्ति प्राप्त हुई थी। आज वहाँ काली मंदिर है और श्रद्धालु भक्त तरह-तरह की मनौतियाँ मानते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर पशुबलि देते हैं।

इस ग्राम के बीजपुरुष स्व० श्री नीलकंठ मिश्र (जो खुटहाडीह से आकर डीह पर बसे) के सुपुत्र श्री इन्द्रजीत मिश्र थे। ये संवत् १७६४ में इस ग्राम में आकर बसे। इनके सुपुत्र श्री चतुर्भुज राय बरैपुरा में ही रहे और अन्य भाई वीरपुर एवं सिकरहुला ग्राम में बसे। इन्हीं श्री चतुर्भुज राय की चौथी पीढ़ी में केहरि सिंह, जो संभवतया केसरी सिंह का अवशिष्ट रूप है, हुए। ये बड़े प्रखर पुरुष हुए जिनके नाम पर आज भी बलान नदी के किनारे केहरि स्थान नामक जगह है। ये सिंह से द्वन्द्व में विजयी होकर उसके साथ ही वीरगति को प्राप्त हुए।

इनकी आठवी पीढ़ी में महात्मा जगदीप सिंह हुए जिनकी उदारता और दानशीलता आज भी जनश्रुत है। इन्हीं के वंशधर, बाबू दुलार सिंह और केशो सिंह, रामपवित्र सिंह, शिक्षक फुलेना सिंह, कृष्णनंदन सिंह आदि पुरुष हैं जो विभिन्न तरीकों से अपने वंश और ग्राम की सेवा में रत हैं।

४. सिकरहुला

सिकरहुला ग्राम बेगूसराय जिला मुख्यालय से लगभग सत्रह किलोमीटर उत्तर सिउरीघाट से लगभग एक किलोमीटर पश्चिम में अवस्थित है।

इस गाँव के उत्तर में बूढ़ीगंडक, दक्षिण में मौना सरोंजा, पूरब में कोरिया गाँव तथा पश्चिम में भवानंदपुर ग्राम हैं।

Scanned by CamScanner

सिकरहुला ग्राम (राजापुर समेत) की जनसंख्या लगभग दो हजार है जिसमें सुरगणै मूल के भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग २२५ है।

सिकरहुला ग्राम का रकवा लगभग ६०० बीघा है। मलकी परगना होने के कारण यहाँ ५।।।० का लग्गा प्रचलित है। गाँव की भूमि का स्वामित्व मुख्यतया सुरगणै मूल के भूमिहार ब्राह्मणों के पास है।

इस ग्राम का नाम सिकरहुला क्यों और कैसे पड़ा इस सम्बन्ध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है और न कोई जनश्रुति ही पायी जाती है। फिर भी जो सूचनाएँ मिलती हैं उनसे पता चलता है कि श्री देवकिशुन राय डीहपर से सिकरहुला आए। इन्हीं के वंशज श्री भेषधारी राय या सिंह के वंश-वृक्ष का सर्वाधिक विस्तार हुआ।

श्री भेषधारी सिंह के परिवार के सभी बालिग सदस्य उनकी बाल्यावस्था में ही दिवंगत हो गये। बालक भेषधारी सिंह विरक्त होकर सहरसा स्थित बनगाँव मेहसी के सिद्ध साधक बाबा लक्ष्मीनाथ गुसाईं की सेवा में संलग्न हो गये। बाद में बाबा ने निवृत्ति का जीवन उनके भाग्य में नहीं है, यह कहकर उन्हें चिह्न स्वरूप एक लाठी दी और वापस भेज दिया।

घर आकर श्री भेषधारी सिंह ने गृहस्थ जीवन व्यतीत किया। १८०० बीघे जमीन और जमींदारी हासिल की। फिर भी वे विदेह की तरह आजीवन मिट्टी के घर में सादगी से रहे।

इन्हीं भेषधारी सिंह के सुपुत्र श्री रामरक्षा सिंह जी हुए। ये बहुत ही योग्य और प्रखर पुरुष थे। उन्होंने गाँव में एक शिवालय, दस लाख ईंटों की अपनी हवेली एवं कई कुओं आदि का निर्माण करवाया। आपने मंझौल कोठी के अंग्रेज साहेब की जायदाद नीलाम करवा कर उसे नीचा दिखाया।

इसी ग्राम के श्री यदुनन्दन प्रसाद सिंह उर्फ केशो बाबू की इस इलाके में काफी प्रतिष्ठा थी। इन्हें लोग महात्मा जी के नाम से भी जानते थे। कला, संस्कृत साहित्य एवं अध्यात्म में इनकी गहरी अभिरुचि थी।

इस ग्राम के वर्त्तमानकालीन मुख्य व्यक्तियों में असेसर श्री वासुदेव सिंह, श्री विश्वनाथ प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष, सुरगणैवंश इतिहास लेखन समिति एवं श्री रामसरोबर प्रसाद सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत परिषद् के नाम उल्लेखनीय हैं।

●

Scanned by CamScanner

५. वीरपुर

यह ग्राम बेगूसराय—संजात पक्की सड़क पर बेगूसराय से बारहवें किलोमीटर पर अवस्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम में बलान नदी, पूरब में खैय-कुरनमा नाला एवं दक्षिण में मुरादपुर ग्राम है।

किंवदंती है कि यहाँ ग्यारहवी शताब्दी में किन्हीं वीरसिंह नामक सामंत का गढ़ था। आज भी गाँव के पश्चिम बलान नदी के किनारे मिट्टी का वह ऊँचा टीला अवस्थित है जिसे लोग गढ़ कहते हैं।

अब यह शोध का विषय है कि इस ग्राम का नाम वीरपुर उन सामंत वीरसिंह जी से संबद्ध है अथवा इस ग्राम में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों के बीज-पुरुष श्री जयकृष्ण राय के खुटहा निवासी पूर्व पुरुष (प्रपितामह) श्री वीरमिश्र जी से।

इसमें संदेह नहीं कि इस ग्राम की ऐतिहासिक धरोहर अत्यंत समृद्ध है। इस कथन का आधार धारणा या किंबदंती नहीं, तथ्य है। गाँव के पश्चिम में स्थित एक पोखरे की सफाई करते समय सन् १९५८ ई० के मई माह मे बसहा, विष्णु, नृत्य मुद्रा में गणेश, नरसिंह, दुर्गा, सूर्य, नवग्रह आदि मूर्तियाँ मिली। ये मूर्तियाँ अभग्न अवस्था में प्राप्त हुईं।

प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुराविद् डॉ० राधाकृष्ण चौधरी के अनुसार ये मूर्तियाँ पाल वंश के समय की हैं और इनका समय दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी निर्धारित किया जा सकता है।

जहाँ तक इस ग्राम के बहुमुखी विकास में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों के योगदान का प्रश्न है, इस संबंध में इतना ही कहना काफी होगा कि यह सारा का सारा योगदान जीवन्त स्मारकों के रूप में खड़ा है और किसी विवरण का मोहताज नहीं है। इस ग्राम के भौतिक और आध्यात्मिक दोनों ही प्रकार के उत्थान में हमारा योगदान निर्विवाद है।

स्व० श्री सोना प्र० सिंह जी द्वारा स्थापित ठाकुरबाड़ी और शिवालय उन्हीं के भ्राता स्व० श्री भागवत प्र० सिंह जी द्वारा स्थापित मध्य विद्यालय, स्व० श्री सोना प्र० सिंह के यशस्वी पुत्र स्व० श्री महेश्वर प्र० सिंह द्वारा स्थापित पुस्तकालय एवं स्व० श्री बैद्यनाथ प्र० सिंह द्वारा स्थापित उच्च विद्यालय एवं ग्राम के पश्चिम स्थित महीनाथ स्थान घाट पर स्व० श्री महावीर प्र० सिंह जी द्वारा स्थापित शिवालय—ये कृतियाँ इस गाँव के भौतिक व आध्यात्मिक उत्थान में सुरगणै लोगों के योगदान की स्मारिकाएँ हैं।

Scanned by CamScanner

इस सिलसिले में वर्त्तमान मुखिया प्रमुख एवं समाजसेवी श्री शिवदानी प्र० सिंह का नामोल्लेख आवश्यक है। इनके प्रयत्नों के फलस्वरूप विवादग्रस्त बेगूसराय-संजात सड़क का वीरपुर तक निर्माण और रख रखाव सम्भव हो सका है। गाँव के बीच पक्की सड़क, बैंक आदि उनके प्रयत्नों के सुफल हैं जो इस गाँव और इलाके के विकास के आधारस्वरूप हैं।

लगभग दो सौ वर्ष पूर्व इसी वंश के एक वीर पुरुष किशुन बाबा ने अपने जगदर मौजा में एक बाघ से लड़कर उसे मारा मगर स्वयं क्रुद्ध बाघिन का शिकार बन गये। उन्हीं के नाम पर किशुन बाबा स्थान आज भी है।

इस गाँव की आबादी लगभग दस हजार है जिसमें हर वर्ण के लोग हैं। यहाँ एक अच्छा स्थायी बाजार है जो आस-पास की एक लाख आबादी की जरूरतें पूरी करता है। वीरपुर में अंचल और थाना भी प्रस्तावित हैं।

६. बेलछी

यह ग्राम थाना अरियरी, जि० मुंगेर में किउल-गया लाईन के किनारे अवस्थित है। इस गाँव के उत्तर में एक सोता है, दक्षिण में कर्कि, पूरब में कोड़िघरी नदी तथा पश्चिम में एक कच्ची सड़क है, जो शेखपुरा से कसाड़ तक गयी है।

इस ग्राम में सभी वर्णों के लोग शांतिपूर्वक रहते हैं—प्रधानता भूमिहार एवं अन्य ब्राह्मणों की है। जीविका का मुख्य साधन खेती ही है, कुछ लोग सरकारी सेवाओं एवं व्यापार में भी हैं। यहाँ के अधिकांश लोग वैष्णव हैं एवं रामानुजी संप्रदाय के मानने वाले हैं। यहाँ कई देवालय, एक मध्यविद्यालय, एक उच्च विद्यालय भी है।

श्री मथुरा सिंह, श्री राम सिंह, श्री यमुना सिंह, श्री श्यामनारायण सिंह, श्री भासो सिंह, श्री सातो सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री जयसिंह आदि इस गांव के प्रमुख व्यक्ति हैं।

७. मुंगेर बाजार

यहाँ खुटहाडीह (आठ घर) के वुद्धू मिश्र के पौत्र और सियाशरण मिश्र के पुत्र श्री दशरथ मिश्र (वकील साहेब) आकर बसे।

दशरथ मिश्र के दो पुत्र—परमानंद मिश्र और भोला मिश्र हुए।

Scanned by CamScanner

८. मालीचक

मालीचक ग्राम के उत्तर में पैन और दक्षिण में चैनपुरा बस्ती, पूरब में टाटी नदी तथा पश्चिम में मोहूवनी चीनी मिल है।

इस ग्राम में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों के वीजपुरुष श्री कोकिल मिश्र जी लगभग सौ वर्ष पूर्व पधारे थे। आज उनके वंशज लगभग दो सौ परिवार हैं।

अधिकांश लोगों का मुख्य पेशा खेती है, मुख्य उपज धान है और जमीन उर्वर है। यहाँ के कुछ लोग व्यवसायी और कुछ सरकारी सेवक यथा—डॉक्टर, शिक्षक, आपरेटर आदि हैं। यहाँ एक शिवालय, एक अपर प्राईमरी स्कूल है एवं यहाँ के प्रमुख व्यक्ति सर्वश्री रावो सिंह, किशुन सिंह, रामवृक्ष सिंह आदि हैं।

●

९. बीहट

यह ग्राम बेगूसराय जिले का मशहूर ग्राम है। यह राष्ट्रीय उच्चपथ पर अवस्थित है। यह गाँव अपनी राजनैतिक चेतना एवं गर्म खून के लिए प्रसिद्ध है।

यहाँ सवौरा ग्राम के मोहन सिंह के प्रपौत्र भोला सिंह जी अपने ननिहाल में बसे।

—वंशवृक्ष—

सवौरा के नेमधारी सिंह के पौत्र और केशो सिंह के पुत्र भोला सिंह, इनके पुत्र रामाश्रय सिंह, इनके दो पुत्र रंजीत सिंह और चंद्रमणि सिंह।

●

१०. पैन

इस गाँव का नाम कस्तूरीपुर पैन है एवं बरबीघा शेखपुरा रोड से एक मील दक्षिण अवस्थित है। इसके पूरब में डिहरी ग्राम, पश्चिम में इस्माईलपुर, उत्तर में नेमदारगंज तथा दक्षिण में पथकैरा ग्राम है। गाँव चारों ओर से संकरी और टाटी नदियों से घिरा है। इस ग्राम से दक्षिण और पूरब की ओर छोटी-छोटी पहाड़ियाँ हैं। इनके कारण इस गाँव की प्राकृतिक छटा मनोरम हो जाती है।

यहाँ के लोगों की जीविका का मुख्य आधार कृषि है एवं मुख्य फसल धान। रब्बी की खेती भी होती है।

Scanned by CamScanner

गाँव में शिव एवं भगवती के मंदिर हैं। लोग धर्मपरायण हैं। रामलीला आदि का आयोजन होता रहता है। यहाँ बहुत दिनों से एक जनता पुस्तकालय अस्तित्व में है जिसका उद्‌घाटन बाबू श्री कृष्ण सिंहजी ने किया था। गाँव में एक अपर प्राईमरी एवं एक मिड्‌ल स्कूल हैं।

११. बड़हिया ईंगलिश

इस ग्राम के उत्तर में पंचमहला, दक्षिण में इन्दुपुर, पूरब में जैतपुर तथा पश्चिम में टालपूरा हरिहर नदी है। इस ग्राम का क्षेत्रफल ८४००० बीघा है एवं आवादी लगभग २२००० है, मगर इसमें हमारे सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या अत्यल्प है।

यहाँ खुटहा चेतन टोला से श्री बाबू धाना सिंह आये थे। इनके एक पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह। रामेश्वर प्र० सिंह के पांच पुत्र—१. श्री रघुवंशमणि सिंह २. श्री अवधेश प्र० सिंह ३. श्री सुराज प्र० सिंह ४. श्री सुरेन्द्र प्र० सिंह ५. श्री महेन्द्र प्र० सिंह।

श्री रघुवंशमणि प्र० सिंह के, तीन पुत्र—१. राजेन्द्र प्र० २. कन्हैया प्र० ३. दीपक कुमार।

श्री अवधेश प्र० सिंह के एक पुत्र—श्री गोपाल प्र० सिंह।

१२. धांधर

यह ग्राम गया जिले के अंचल सह थाना—वजीरगंज में पड़ता है। इस गांव का रकवा करीब छः सौ एकड़ है। इस गाँव में पढ़े लिखे लोगों की पर्याप्त संख्या है। बहुत से लोग सरकारी सेवक हैं। ग्राम में एक "भूमिहार नवयुवक संघ" नामक एक सांस्कृतिक संस्था भी है। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण खटहा से आए थे।

१३. जगतपुर

गया जिले के अतरी थानान्तर्गत यह ग्राम है। इसके उत्तर में करमचक, दक्षिण में जमुआवाँ, पूरब में बैकुण्ठपुर एवं पश्चिम में धांधर ग्राम है।

इस गाँव का रकवा लगभग तीन सौ एकड़ एवं आबादी लगभग पाँच सौ है। यहाँ सिर्फ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या है। इनके अतिरिक्त अन्य वर्णों के लोग हैं। इस गाँव में एक माध्यमिक विद्यालय है।

Scanned by CamScanner

१४. बारत

नवादा जिले के नरहट अंचलान्तर्गत यह ग्राम है। इसके उत्तर में वैजनाथपुर ...ग में सहवाजपुर, पूरब में दौलतपुर एवं पश्चिम में कठघरा ग्राम हैं। इस ...च सौ घरों की वस्ती में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण मात्र दो घर हैं। इसके निकट ...ी एक टाल है जहाँ जनश्रुति के अनुसार वाल्मीकि मुनि का आश्रम था।

१५. रामीबिगहा

यह ग्राम नालंदा जिलान्तर्गत है। ये खुटहा से आए हैं और बाबू बोतल मिश्र के (मंशाबाबा टोला) वंशज है। पटने का अशोक सिनेमा इन्हीं का है।

—वंशावली—

स्व० बाबू जद्दू सिंह के दो पुत्र—रामबहादुर सिंह और एदल सिंह। ...ामवहादुर सिंह नावल्द। एदल सिंह के पुत्र कृष्णवल्लभ प्र० ना० सिंह। इनके दो पुत्र—ओमप्रकाश ना० सिंह और श्री प्रकाश ना० सिंह। ओम प्रकाश ना० सिंह के पुत्र—आनंद प्रकाश। श्री प्रकाश ना० सिंह के पुत्र—ज्ञानप्रकाश और ज्योतिप्रकाश।

१६. कठघरा

यह ग्राम नवादा जिले के अंचल सह थाना नरहट में है। इसके उत्तर में रघुनाथपुर मिल्की, दक्षिण में मसमौर, पूरब में सहवाजपुर एवं रसलपुर तथा पश्चिम में अरंडीह है।

इस ग्राम में लगभग सत्तर घर हैं जिनमें पचपन घर सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों के हैं। इस ग्राम में 'सीतामढ़ी' नामक एक स्थान है। यहाँ प्रतिवर्ष अगहन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आठ दिनों का मेला लगता है। इस 'सीतामढ़ी' के सम्बन्ध में प्रसिद्ध अंग्रेज शोधकर्त्ता डा० जॉर्ज ग्रियर्सन ने १८८२ ई० में प्रकाशित अपनी पुस्तक में लिखा कि—यहीं पर निर्वासिता सीता ने अपने पुत्र लव को जन्म दिया। इस ग्राम से लगभग दो मील उत्तर बारत ग्राम में वाल्मीकि आश्रम है। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण खुटहा से आए।

Scanned by CamScanner

१७. मायापुर

यह ग्राम गया जिले के वजीरगंज थाने में है। इसके उत्तर में मकदुमपुर, दक्षिण में डुमरावाँ, पूरब में तरवाँ और पश्चिम में दयालचक बनिया ग्राम हैं। यहाँ की कुल आबादी लगभग एक हजार है। यहाँ सुरगणे भूमिहार ब्राह्मणों के बीजपुरुष श्री बहोर मिश्र खुटहा माधो सिंह पट्टी करीब सवा दो सौ वर्ष पूर्व आए थे।

१८. रामे

नवादा जिले के हसुआ थानान्तर्गत यह ग्राम है। इसके उत्तर में पड़ड़िया दक्षिण में मियां बिगहा, पूरब में कछुआरा एवं पश्चिम में नारदी दरियापुर। यहाँ की आबादी लगभग अढ़ाई हजार हैं। भूमिहार ब्राह्मण लगभग पचास घर हैं। इस गाँव के उत्तर से नवादा-राजकृष्ण रोड गुजरी है। सुरगणे भूमिहार सिर्फ एक परिवार यदुनंदन सिंह का है। ये खुटहा से आदमपुर और फिर आदमपुर से यहाँ आए।

१९. पड़ड़िया

यह ग्राम नवादा जिले के हँसुआ थाने में है। इसके उत्तर में ननौरा, दक्षिण में रामे, पूरब में परमा एवं खुशयाल बीघा, पश्चिम में नारवीगंज ग्राम है। यहाँ सुरगणे भूमिहार ब्राह्मण दस घर हैं। इस ग्राम का कुल रकवा लगभग एक हजार बीघे है।

२०. ओलीपुर

यह ग्राम मुंगेर जिले के जमालपुर थाने में अवस्थित है। इस ग्राम के उत्तर में टोला ओलीपुर, दक्षिण में इन्दरूख, पूरब में जमालपुर कारखाना एवं पश्चिम में धनहर है। इस गाँव की आबादी एक हजार एवं रकवा एक हजार एकड़ के लगभग है। सुरगणे भूमिहार ब्राह्मण सिर्फ दो घर हैं।

Scanned by CamScanner

२१. महादेवपुर

यह ग्राम भागलपुर जिले के अमरपुर थाने में अवस्थित है। इसके उत्तर में चरौत, दक्षिण में ननाईचक, पूरब में गोपालपुर एवं पश्चिम में वेलासी नदी है। इस गाँव की कुल आबादी पाँच हजार एवं सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण सिर्फ चार घर हैं। सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों ने यहाँ पक्की सड़क के किनारे एक 'चतुर्वेदी आश्रम' बनाया है।

२२. खोजागाछी

खोजागाछी ग्राम मुंगेर जिले के बरबीघा थाने में है। इसके उत्तर में रामपुर सिंडाय, दक्षिण में सामसरवूर्द एवं दरियाचक, पूरब में रजौरा एवं पश्चिम में मथुरापुर ग्राम हैं। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण चौरासी घर के लगभग हैं। जिस स्थान पर यह गाँव स्थित है वहाँ पहले ५१ बीघे की गाछी थी। खुटहा निवासी श्री लालमन सिंह (नरसिंह पट्टी) जी की शादी खेतलपुरा में हुई थी। उनकी पत्नी को खोंईछा में यह गाछी मिली थी। इसी खोंईछागाछी से यह खोजागाछी हो गया।

२३. काशीबिगहा

मुंगेर जिले के बरबीघा थाने में यह ग्राम अवस्थित है। इसके उत्तर में ननौर एवं खानपुर, दक्षिण में तेउस, पूरब में कन्हौली एवं पश्चिम में लोदीपुर हैं। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण सिर्फ दो घर हैं। सर्वप्रथम १९५२ ई० में श्री मिश्री सिंह खुटहा नरसिंह बाबा पट्टी से यहाँ अपने ससुराल में बसे थे।

२४. नीरपुर

नालंदा जिले के अस्थावां थाने में यह ग्राम अवस्थित है। मुसलमानी शासन में किन्हीं नूरमियाँ के नाम पर नूरपुर फिर कालांतर में नीरपुर हो गया। इस गाँव के उत्तर में जिरायन नदी, दक्षिण मे कुमरी नदी, पूरब में छत्तरपुर ग्राम तथा पश्चिम में खालसा ग्राम हैं। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग पचास है। यहाँ खुटहा निवासी श्री नमन सिंह (शिव बाबा पट्टी) सर्वप्रथम आकर बसे।

Scanned by CamScanner

२५. खलीलचक

मुंगेर जिले के बरबीघा थाने में अवस्थित इस ग्राम का नाम मुगलकालीन किन्हीं खलीलुद्दीन साहब के नाम पर पड़ा है। इसके उत्तर में खोजागाछी, दक्षिण में ओनामाँ, पूरब में मालदह तथा पश्चिम में सामरू हैं।

इस ग्राम में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण पच्चीस घर के लगभग हैं। गाँव में एक प्राइमरी विद्यालय है। गाँव के दक्षिण से पक्की सड़क गुजरी है।

२६. बालगुदर

मुंगेर जिले के लखीसराय सदर थानान्तर्गत यह गाँव है। इस ग्राम की जनसंख्या लगभग छः हजार है। इस ग्राम के उत्तर में हरिहर नदी, दक्षिण में पक्की सड़क, पूरब में कंचनेश्वर महादेव का मंदिर एवं पश्चिम में यतकया रेलवे स्टेशन है। सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग बीस घर है।

२७. प्रतापपुर

यह गाँव बड़हिया प्रखंडान्तर्गत है। इस ग्राम की जनसंख्या लगभग सोलह सौ एवं रकबा लगभग तीन सौ बीघे हैं। ग्राम के उत्तर में जैतपुर ग्राम का बगीचा, दक्षिण में रेलवे लाइन, पूरब में पहाड़पुर ग्राम एवं पश्चिम में डुमरी ग्राम हैं। इस ग्राम में महंथ जी का एक दातव्य औषधालय है।

—वंशवृक्ष—

गरीबदास—के पुत्र नेम सिंह, इनके पुत्र नौरंगी सिंह, इनके पुत्र बिम्बकरेश सिंह।

नारायण दास—के पुत्र कमलनयन सिंह इनके पुत्र राघो सिंह इनके पुत्र—जोगो सिंह, नंदकिशोर सिंह, सुरेश सिंह, सुरेश सिंह के पुत्र—पिन्टू।

२८. डुमरी

यह ग्राम मुंगेर जिले के बड़हिया प्रखंड में है। इसके उत्तर में बंडर नदी, दक्षिण में हरिहर नदी, पूरब में सड़क एवं पश्चिम में जखौरा, ग्राम है। यहाँ की आबादी लगभग तीन हजार है। रकबा बारह सौ बीघा। सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग पचास हैं। यहाँ लगभग सौ वर्ष पूर्व खुटहा से बाबू रामसहाय सिंह आकर बसे थे।

Scanned by CamScanner

२९. डिहरी

इस ग्राम के पश्चिम तथा उत्तर सकरी नदी तथा पूरब और दक्षिण की ओर टाटी नदी बहती है।

इस गाँव में सुरगणै वंश के बीज पुरुष श्री लक्षण मिश्र जी थे जो आजमपुर से लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व यहाँ आए और एक महात्मा जी के आदेश और आशीर्वाद से गाँव में एक ऊँची जगह पर बस गये। संभवतः इसी कारण इस बस्ती का डिहरी नाम पड़ा। आज इस गाँव में उन बीजपुरुष की पंद्रहीं-सोलहवीं पीढ़ी निवास कर रही है और इनकी संख्या एक हजार के लगभग है।

लोगों का मुख्य पेशा खेती एवं मुख्य उपज धान है। कुछ लोग सरकारी सेवक यथा—डाक्टर, इन्जीनियर, शिक्षक आदि हैं। गाँव में एक मिड्ल स्कूल एवं एक पुस्तकालय भी है।

सर्व श्री कारू मिश्र, रामरक्षा मिश्र, सुखदेव मिश्र, सुरदेव मिश्र, शिवदानी मिश्र, शिवनंदन मिश्र, मुन्द्रिका मिश्र, रामविलास मिश्र, श्री छत्रधारी मिश्र आदि ग्राम के प्रमुख लोग हैं।

३०. चौकी

इस ग्राम के उत्तर में बालगुदर, दक्षिण में—रेलवे लाईन, पूरब में धर्मराय चक एवं पश्चिम में रेलवे लाईन।

यहाँ श्री बनारसी प्र० सिंह खुटहा डीह से आए। इनके दो पुत्र—१. श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, २, श्री कृष्णनंदन प्रसाद सिंह, कृष्णनंदन प्र० सिंह को एक पुत्र—श्री रामानंद प्रसाद सिंह।

३१. अभयपुर

इस ग्राम का नाम अभयनाथ नामक एक गोस्वामी जी के नाम पर है। बस्ती के उत्तर में रेलवे लाईन, दक्षिण तरफ एक पहाड़, पूरब में बसौनी मौजा एवं पश्चिम में अभयपुर रेलवे स्टेशन है।

पहाड़ और झरनों के कारण इस ग्राम की प्राकृतिक शोभा काफी मनोरम है। यहाँ की भी मुख्य फसल धान ही है। कुछ लोग वकील, शिक्षक, रेल कर्मचारी आदि भी हैं।

Scanned by CamScanner

गाँव में मंदिर, ठाकुरवाड़ी, शिवालय, हाईस्कूल, मिड्ल स्कूल, प्राईमरी स्कूल, पुस्तकालय आदि अस्तित्व में हैं। एक अस्पताल भी है। इस गाँव के मध्यटोले में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण रहते हैं जिनकी संख्या २०० के लगभग है।

३२. अरई

इस ग्राम के उत्तर में राजगीर से तपोवन को जोड़ने वाली पहाड़ी, दक्षिण में खेवतर, पूरब में ग्राम सारसू एवं पश्चिम में वासर फीरोजपुर ग्राम अवस्थित हैं।

भगवान बुद्ध की तपस्या स्थली तपोवन एवं राजगीर यहाँ से अत्यंत निकट हैं। यह ग्राम गया जिले के अतरी थाने में पड़ता है। इसकी आवादी लगभग डेढ़ हजार है। सुरगणै वंश के श्री वालदेव मिश्र जी बारह-चौदह वर्षों से ग्राम के मुखिया हैं। यहाँ के वीस प्रतिशत लोग सरकारी सेवाओं में हैं।

३३. एरूरी

यह ग्राम नवादा जिले के अंचल-सह-थाना पकरीबरावाँ में अवस्थित है। इसके उत्तर में बलियारी खुपुरा, दक्षिण में रोह एवं वनवास, पूरब में असमाँ एवं बुधौली तथा पश्चिम में मोरवाँ एवं सम्हरी ग्राम हैं। यह एक प्राचीन तथा समृद्ध जमींदारी ग्राम है। यहाँ बहुत पहले से एक संस्कृत विद्यालय एवं आजकल मध्यविद्यालय अस्तित्व में है।

इस गाँव की जनसंख्या लगभग अढ़ाई हजार एवं क्षेत्रफल चार हजार बीघे हैं। यहाँ तीस परिवार भूमिहार ब्राह्मण हैं। इस बस्ती में पढ़े लिखे लोगों की पर्याप्त संख्या है जिसमें शिक्षक, प्राध्यापक कारखाना-कर्मी आदि हैं। कुछ कलाकार एवं अभियंता भी हैं।

इस ग्राम में खुटहाडीह से बाबू मित्तन सिंह जी आए थे। उनके दो पुत्र—१-छकौड़ी सिंह एवं २. जगदीश सिंह। छकौरी सिंह के दो पुत्र—भत्तू सिंह एवं बुद्धन सिंह। भत्तू सिंह के तीन पुत्र—हरिहर सिंह, रामधनी सिंह एवं परमेश्वरी सिंह। हरिहर सिह के दो पुत्र—महेश्वर सिंह, राजेन्द्र सिंह। महेश्वर सिंह के एक पुत्र—कांता सिंह। श्री रामधनी सिंह के तीन पुत्र—यमुना सिंह, महेन्द्र सिंह एवं चन्द्रभूषण सिंह। परमेश्वरी सिंह के पाँच पुत्र—अर्जुन सिंह, विमल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह एवं भोला सिंह। अर्जुन सिंह के दो पुत्र—अशोक कुमार एवं दिलीप कुमार। श्री रामधनी सिह के सुपुत्र श्री यमुना सिंह के

Scanned by CamScanner

एक पुत्र-चन्द्रशेखर सिंह। श्री मित्तन सिंह के छोटे पुत्र श्री जगदीश सिंह के दो पुत्र—दुर्गा सिंह एवं पुनीत सिंह।

३४. रेवार

यह ग्राम नवादा जिले के पकड़ी-बरावाँ अंचल-सह-थाने में है। इसके उत्तर में पकड़ी-बरावाँ, दक्षिण में बलियार, पूरब में बुधन बिगहा एवं पश्चिम में बलिहारीपुर है। यह भी प्राचीन एवं जमींदारी गाँव है।

आबादी लगभग ११०० है। यहाँ सुरगणे भूमिहार ब्राह्मणों के बीस घर हैं। यहाँ सुशिक्षित लोगों की अच्छी संख्या है। इस गाँव में देवालय, तालाब आदि हैं।

३५. गोयठाडीह

यह गाँव नवादा जिलान्तर्गत गोविन्दपुर थाने में अवस्थित है। इसके उत्तर में समरैठा, दक्षिण में सीतापुर, पूरब में रोह एवं पश्चिम में मरूई है। यहाँ की जनसंख्या लगभग एक हजार एवं क्षेत्रफल पाँच सौ एकड़ है। इस ग्राम में सुरगणे भूमिहार ब्राह्मण दस घर हैं। इस गाँव में एक पुस्तकालय-सह-वाचनालय है एवं पक्की सड़क के किनारे अवस्थित होने से यातायात सुलभ हैं।

—वंशवृक्ष—

पूर्वपुरुष—उमर सिंह, लालजीत सिंह, फिरन सिंह। उमर सिंह के एक पुत्र—लोभी सिंह, इनके छः पुत्र—वन्धु सिंह, माँगो सिंह, सोमर सिंह, माधो सिंह, दासो सिंह और फिरो सिंह। वन्धू सिंह के एक पुत्र—मुन्शी सिंह। मुन्शी सिंह के तीन पुत्र—चन्दर सिंह, कालेश्वर सिंह और जंगबहादुर सिंह। माँगों सिंह को एक पुत्र— केशो सिंह। केशो सिंह के दो पुत्र—राम प्रकाश सिंह और शिवनन्दन सिंह। रामप्रकाश सिंह के एक पुत्र—अरविन्द कुमार।

सोमर सिंह निःसंतान

माधो सिंह को एक पुत्र—ब्रह्मदेव सिंह। ब्रह्मदेव सिंह को दो पुत्र—गया सिंह और कृष्णवल्लभ सिंह। गया सिंह को दो पुत्र—रविभूषण सिंह और पप्पू कुमार। कृष्णवल्लभ सिंह को दो पुत्र—पवन कुमार, विपिन कुमार। माधो सिंह के दूसरे पुत्र शाहो सिंह—निःसंतान। माधो सिंह के तीसरे पुत्र विन्दो सिंह।

Scanned by CamScanner

विन्दो सिंह के तीन पुत्र—नंदकिशोर सिंह, सुरेश सिंह और मदन सिंह। नंदकिशोर सिंह के दो पुत्र—चंद्रशेखर सिंह एवं वीरेन्द्र कुमार। सुरेश सिंह को दो पुत्र—लखन कुमार और विपिन कुमार।

लोभी सिंह के पाँचवें पुत्र दासो सिंह को तीन पुत्र—जागो सिंह, यमुना सिंह और रामू सिंह।

जागो सिंह, को चार पुत्र—सरयुग सिंह, रामरक्षा सिंह, नरेश सिंह और रामवृक्ष सिंह।

सरयुग सिंह को तीन पुत्र—वीरेन्द्र कुमार, कार्या सिंह और रवीन्द्र सिंह।

यमुना सिंह को एक पुत्र—अवध किशोर सिंह

दासो सिंह के तीसरे पुत्र रामू सिंह निः संतान।

लोभी सिंह के छठे पुत्र—फीगो सिंह को एक पुत्र—हरिहर सिंह

हरिहर सिंह को सात पुत्र—रामौतार सिंह, रामाधीन सिंह, अवधकिशोर सिंह, राजेन्द्र सिंह, गुणेश्वर सिंह, शंभूशरण सिंह, और अंजू कुमार सिंह।

रामौतार सिंह को दो पुत्र—वाल्मीकि सिंह और छोटे कुमार रामाधीन सिंह को एवं पुत्र—अशोक कुमार।

अवधकिशोर सिंह को एक पुत्र—परशुराम सिंह

लालजित सिंह—के एक पुत्र—अकल सिंह। इनके दो पुत्र—प्रयाग सिंह गरभू सिंह। प्रयाग सिंह के एक पुत्र—मथुरा सिंह। गरभू सिंह के एक पुत्र मधुसूदन सिंह।

किरन सिंह के एक पुत्र—बावन सिंह। इनके एक पुत्र कामेश्वर सिंह।

३६. धनवारा

यह ग्राम नवादा जिले के अकबरपुर थाने में पड़ता है। इसके उत्तर मे लखमोहना, दक्षिण में महेशडीह, पूरब में सकरी नदी एवं पश्चिम मे सुपौल है। यहाँ की जनसंख्या लगभग साढ़े सात सौ एवं क्षेत्रफल पाँच सौ एकड़ है।

यहाँ एक प्राइमरी स्कूल एवं एक पुस्तकालय है। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण चार घर हैं और खुटहाडीह से पधारे हैं।

३७. पावा

यह ग्राम नालंदा जिले के बिहारशरीफ सदर थानान्तर्गत है। इसके उत्तर में हरगावाँ, दक्षिण में दुर्गापुर, पूरब में बेरुआ और पश्चिम में चोरसुआ ग्राम हैं। यहाँ कई वर्णों के लोग निवास करते हैं। सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण

Scanned by CamScanner

चार घर ही हैं। यहाँ की मुख्य फसल धान है। गाँव में प्राइमरी से लेकर हाई स्कूल तक की पढ़ाई की व्यवस्था है एवं एक अस्पताल भी है।

यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण आजमपुर से आकर ससुराली तड़का पर बसे हैं।

—वंशावली—

बीजपुरुष—कोयल सिंह, इनके दो सुपुत्र-सर्वश्री मोदी सिंह एवं मूंजा सिंह। मोदी सिंह के सुपुत्र श्री जालेश्वर सिंह।

उनके दो सुपुत्र—सर्वश्री जाटो सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह

श्री मून्जा सिंह के तीन सुपुत्र—सर्वश्री महेश्वर सिंह, रामचन्द्र सिंह एवं राजेश्वर सिंह। श्री महेश्वर सिंह के तीन सुपुत्र—वाल्मीकि प्र०, बालो प्र० एवं पप्पू।

३८. बाजितपुर

यह गाँव नवादा जिले के पकरी बरावाँ थाना में अवस्थित है। इस गाँव के उत्तर में लोदीपुर, दक्षिण में ओधपुरा, पूरब में धेवधा-छतखार तथा पश्चिम में बलियारी है। इस गाँव की जनसंख्या लगभग पाँच सौ एवं रकवा लगभग ४०० एकड़ है। भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। मुख्य फसल धान है। यहाँ के किसानों ने आपसी चकबंदी का लाभदायक उदाहरण पेश किया है। गाँव की बगल से पक्की सड़क गुजरने के कारण यातायात सुगम है गाँव में प्राईमरी पाठशाला एवं पुस्तकालय है। यहाँ खेलकूद एवं मनोरंजन के साधनों से लैस एक क्लब है जिसका नाम—'सुरगणै क्लब' है।

इस गाँव के लोग सरकारी सेवाओ में भी हैं।

३९. बरसा

यह गाँव मुंगेर जिले के अरियरी प्रखंडान्तर्गत है। इसके पूरब में जंगली बीघा, पश्चिम में ओरानी, उत्तर में बजशो बिगहा एवं दक्षिण में सुमका है। यहाँ की आबादी लगभग अढ़ाई हजार एवं रकबा एक हजार एकड़ है। यहाँ सिर्फ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की आबादी हैं। इनके अतिरिक्त ब्राह्मण, यादव आदि अन्य वर्णो के लोग हैं।

यहाँ निम्न, मध्य और उच्च विद्यालय हैं। मुखिया श्री केदार सिंह एवं सीताराम सिंह आदि गाँव के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं।

Scanned by CamScanner

४०. मनिअप्पा

यह ग्राम बेगूसराय जिले में हैं। इसके उत्तर में कोठिया, दक्षिण में बृन्दावन, पूरब में चकौर तथा पश्चिम में विष्णुपुर हैं। सुरगणे भूमिहार, ब्राह्मणों की संख्या बीस के लगभग है।

●

४१. आजमपुर

नवादा जिले के वारसलीगंज थाने में यह ग्राम अवस्थित है। इस गाँव की आवादी चार सौ एवं रकवा तीन सौ एकड़ है। इसके उत्तर में बगवतपुर, दक्षिण में ठेंग, पूरव में थालमोरा तथा पश्चिम में सराय है। इस बस्ती में भूमिहार ब्राह्मणों की प्रमुखता है। मुख्य पेशा—खेती। कुछ सरकारी सेवक भी हैं। गाँव में एक प्राथमिक पाठशाला है।

●

४२. नेवाजगह

नवादा जिले के वारसलीगंज थाने में वारसलीगंज-बरबीघा सड़क पर अवस्थित है। उत्तर में नाकपुर, दक्षिण में शेसुर, पूरब में साम्बे तथा पश्चिम में सोमरी ग्राम हैं। यहाँ की आबादी पाँच सौ के करीब एवं रकबा लगभग चार सौ एकड़ है। यहाँ एक प्राथमिक एवं एक माध्यमिक पाठशाला, पुस्तकालय आदि हैं।

●

४३. करको

यह ग्राम मुंगेर जिले के अरियरी प्रखंडान्तर्गत है। इसके उत्तर में हुसेना, दक्षिण में बेभमान, पूरब में अरियरी तथा पश्चिम में रंकी गाँव है। यहाँ की आवादी २००० एवं रकवा १००० एकड़ हैं। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या एक सौ हैं। गाँव में प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय हैं। गाँव में एक पुस्तकालय भी है।

●

४४. बलियारी

बलियारी ग्राम नवादा जिले के पकरी-बरांवा थाने में है। इसके उत्तर में ठेरा, दक्षिण मे केशोरी, पूरब में देवघा और पश्चिम में मीरचक है। यहाँ की जनसंख्या लगभग दो हजार एवं रकबा लगभग बारह सौ एकड़ है। इस गाँव के

Scanned by CamScanner

उत्तर से वारसलीगंज-पकरीबरावाँ पक्की सड़क गुजरती है। यहाँ आधे से अधिक संख्या सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की ही है। गाँव में एक पुस्तकालय है। एक नाट्य कला परिषद् भी है। मुख्य पेशा—खेती। हर तरह की फसल उगाई जाती है। कुछ लोग सरकारी सेवक भी हैं।

४५. मालीचक

यह नवादा जिले के वारसलीगंज थाने में है। गाँव की जनसंख्या दो सौ एवं रकवा एक सौ एकड़ है। इसके उत्तर में वारसलीगंज, दक्षिण में चाँदपुरा, पूरब में रबानापुर एवं पश्चिम में स्टेशन है। इस ग्राम में सिर्फ एक परिवार सुरगणै भूमिहार ब्राह्मण हैं।

४६. पंचमहला

इस ग्राम के पूरब में गंगानदी, पश्चिम में रेलवे लाईन, उत्तर में नौरंगा-जलालपुर एवं दक्षिण में बड़हिया है।

यहाँ खुटहा से श्री मंगरू मिश्र ननिहाल में आकर बसे। यहाँ की कुल एक हजार जनसंख्या में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या पचास के करीब है।

४७. औगान

यह ग्राम बलान नदी के पूर्वी किनारे पर अवस्थित है। इसके पूरब में एक चौर है, पश्चिम में बलान नदी है, उत्तर में रसलपुर ग्राम एवं दक्षिण में बनहारा मौजे है। यहाँ की आबादी लगभग डेढ़ हजार एवं रकबा लगभग नौ सौ बीघे है। सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या मात्र पच्चीस है।

इस ग्राम में बलैडीह नामक एक ऊँची जगह है; अनुमान किया जाता है कि खुदाई के बाद यहाँ बहुत कुछ उपलब्ध हो सकता है जो पुरातात्विक-दृष्टि से महत्वपूर्ण हो।

Scanned by CamScanner

४८. निपनिया

बेगूसराय जिले के तेघड़ा प्रखंडान्तर्गत यह ग्राम अवस्थित है। इसके उत्तर में बरौनी जंकशन, दक्षिण में बाया नदी, पूरब में सिमरिया ग्राम एवं पश्चिम में बरौनी ग्राम है।

यहाँ खुटहाडीह से आकर श्री बुनियाद सिंह जी ससुराली तड़का पर बसे थे। इस ग्राम की जनसंख्या लगभग पाँच हजार है जिसमें सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग साठ है। इस ग्राम का रकबा करीब दस हजार एकड़ है।

यहाँ उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों की पर्याप्त संख्या है। यहाँ एक 'नाट्यकला परिषद' नामक सांस्कृतिक संस्था है।

४९. हिरदनबीघा

इस ग्राम के पूरब में खुटहा, पश्चिम में चुहरचक, दक्षिण में जैतपुर और उत्तर में इन्दुपुर है। इसकी कुल एक हजार जनसंख्या में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या-पच्चीस के लगभग है। यहाँ के उत्तरवाड़ी टोला में खुटहा के श्री गोनर सिंह घरजँवाई बसे और दक्षिणवाड़ी टोला में वहीं के श्री त्रिलोकी सिंह घरजँवाई बस गये।

५०. जगतपुरा

जगतपुरा ग्राम बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखण्ड में पड़ता है। इसके उत्तर में बरौनी तेलशोधक कारखाना, दक्षिण में गंगा नदी, पूरब में रामदीरी ग्राम एवं पश्चिम में बरौनी थर्मल पावर स्टेशन है। इसका रकबा करीब अढ़ाई हजार बीघे हैं और यह पटना तथा मुंगेर, दोनों जिलों में पड़ता है। जनसंख्या डेढ़ हजार के लगभग; सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग पचास है।

५१. सबौरा

यह ग्राम बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखण्ड में है। इसके उत्तर में बरौनी तेलशोधक कारखाना, दक्षिण में गुप्ता बांध, पूरब में रुपसपुर एवं केशावे बस्ती तथा पश्चिम में बरौनी उर्वरक कारखाना है। इस गाँव का रकबा करीब तीन हजार बीघे एवं जनसंख्या अढ़ाई हजार है। इस ग्राम में सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या सौ के लगभग है।

Scanned by CamScanner

मुख्य पेशा खेती है, कुछ लोग आसपास के कारखाने में नौकरी, ठीकेदारी एवं अन्यान्य व्यवसाय भी करते हैं।

५२. विष्णुपुर

इसके उत्तर में आसाम रोड, दक्षिण में एघु ग्राम, पूरब में वाजितपुर एवं पश्चिम में बेगूसराय शहर है। यहाँ इस क्षेत्र में सुप्रसिद्ध नौलखा मन्दिर है। यहाँ सुरगणै भूमिहार ब्राह्मणों की संख्या लगभग पचास है।

५३. जोकिया

बेगूसराय जिले के भगवानपुर प्रखंड में यह ग्राम अवस्थित है। इसके उत्तर और दक्षिण में बलान नदी, पूरब में तेलहन टोला तथा पश्चिम में चौर है। यहाँ करीब अस्सी साल पहले खुटहा ग्राम से श्री भगवान प्रसाद सिंह अपने ननिहाल में बसे थे।

५४. टेकनपुरा

यह ग्राम बेगूसराय जिले के बखरी प्रखंड में बूढ़ी गंडक नदी के किनारे बसा हुआ है। यहाँ करीब सवा सौ वर्ष पूर्व खुटहा से श्री पंथु मिश्र आकर अपनी ससुराल में बसे थे।

५५. अकबरपुर

इस ग्राम के उत्तर में गंगानदी, दक्षिण में विदुलिया से पूरब में सांमो और पश्चिम में पपुआ हैं। सुरगणै परिवारों की संख्या पैंतीस के लगभग है एवं कुल आबादी चार हजार है। यहाँ उच्च शिक्षाप्राप्त लोगों की संख्या तीस के लगभग है जिनमें इन्जीनियर, प्रोफेसर आदि हैं।

Scanned by CamScanner

५६. महेशपुर

इस ग्राम के पूरब में गंगा नदी, पश्चिम में पीपरदह नाला, उत्तर में सीता-कुन्ड और दक्षिण में बरियारपुर है। यह मुंगेर जिले में है। यहाँ सुरगणे लोगों की संख्या मात्र साठ है। सुरगणे लोगों के बीजपुरुष लगभग अढ़ाई सौ साल पूर्व यहाँ आकर बसे थे। मुख्य पेशा खेती है। पढ़े लिखे एवं सरकारी सेवारत लोगों की भी अच्छी संख्या है। इस गाँव में आज से लगभग अस्सी साल पूर्व पुस्तकालय की स्थापना से यहाँ के निवासियों की शिक्षाप्रियता का पता चलता है। पस्तकालय आज भी अपने भव्य पक्के मकान में संपूर्णता के साथ सुचारु है।

Scanned by CamScanner

भाग–दो

गाँवों की वंशावली

Scanned by CamScanner

१. मेघौल

ग्राम मेघौल, जिला बेगूसराय, थाना खोदा बन्दपुर पोस्ट-मेघौल के निवासी श्री हरिदत्त मिश्र, हरिदत्त मिश्र के चार पुत्र—महाराज रूद्र मिश्र, (वसिन्दे सौरिया पूर्णिया) महाराज फुद मिश्र (मेघौल) महाराज गौण मिश्र (वसिन्दे खुटहा) श्री चैनमिश्र वासिन्दे मराँची बस्ती।

फुद मिश्र के दो पुत्र—वीभ मित्र (वासिन्दे आकोपुर), भगवन्त मिश्र।

भगवन्त मिश्र के दो पुत्र—वशिष्ट मिश्र (वासिन्दे कौरै) व्यास मिश्र।

व्यास मिश्र के पाँच पुत्र—जगरनाथ मिश्र, (गोविन्द मिश्र, प्रयाग मिश्र (वासिन्दे हरख पुरा) हरि मिश्र (वासिन्दे नारायण पीपर) द्वारिका मिश्र (वासिन्दे गोपाल पुर)।

जगरनाथ मिश्र के चार पुत्र—मुआल मिश्र, हेमन्त मिश्र, (लक्षी मिश्र—वासिन्दे मटिहानी) मन्नू मिश्र।

मुआल मिश्र के चार पुत्र—धरनी मिश्र (ना०)। कृपाल मिश्र मन्नू मिश्र। एक भाई मटिहानि लक्ष्मी मिश्र।

कृपाल मिश्र के चार पुत्र—धीरज मिश्र, गुलाब मिश्र, धीर मिश्र, दोमन मिश्र, तीन भाई नाओल्द। (गुलाब, धीर, दोमण) धीरज मिश्र के तीन पुत्र—किशुण मिश्र, शिव मिश्र—नाओल्द, सुन्दर मिश्र। ये श्रृंखला अब भी मराँची गाँव में है।

किशुन मिश्र के एक पुत्र बुद्धसेन मिश्र। बुद्धसेन मिश्र के दो पुत्र (१) महेश मिश्र—नाओल्द (2) श्री बालू मिश्र—इनके वंशज श्री किसान चन्द मिश्र मराँची के वासिन्दे हुए सुन्दर मिश्र के दो पुत्र—प्रेम मिश्र, नाओल्द लक्ष्मी मिश्र।

लक्ष्मी मिश्र के चार पुत्र—कल्याण मिश्र, हरिमिश्र, सूर्यनारायण मिश्र, केशव मिश्र। कल्याण मिश्र के एक पुत्र—अधम मित्र। अधम मिश्र के दो पुत्र—वेचू मिश्र, अनूप मिश्र बेचू मिश्र के एक पुत्र गणेश मिश्र। गणेश मिश्र के एक पुत्र—बालक मिश्र। बालक मिश्र के पुत्र—चंचल मिश्र—नाओल्द।

अनूप मिश्र के एक पुत्र घमंडी मिश्र। घमंडी मिश्र के एक पुत्र—नेहाल मिश्र, नेहाल मिश्र के एक पुत्र वंशी मिश्र—नाओल्द। हरिमिश्र नाओल्द।

Scanned by CamScanner

सूर्य नारायण मिश्र के चार पुत्र—दलेल मिश्र, वदन मिश्र, बहादुर मिश्र, भौनू मिश्र।

केशव मिश्र के एक पुत्र—मंगल मिश्र नाओल्द।

दलेल मिश्र के एक पुत्र आत्मा मिश्र, आत्मा मिश्र के एक पुत्र—मातो मिश्र, मातो मिश्र के छः पुत्र ज्ञान मिश्र, वान मिश्र, जिवराज मिश्र, रन्नू मिश्र, चूआ मिश्र, झमन मिश्र। ज्ञान मिश्र नाओल्द।

वान मिश्र के एक पुत्र, राम सहाय मिश्र राम सहाय मिश्र के एक पुत्र कंत मिश्र—नाओल्द।

जिवराज मिश्र के दो पुत्र राजा मिश्र, जागा मिश्र। राजा मिश्र के एक पुत्र महादेव मिश्र। महादेव मिश्र के दो पुत्र अधिक मिश्र, हरिमिश्र। अधिक मिश्र के तीन पुत्र राम वरण मिश्र, राम रीझन मिश्र, शिवध्यान। राम वरण मिश्र के एक पुत्र राज किशोर मिश्र—

राम रीझन मिश्र के तीन पुत्र जयकृष्ण मिश्र, योगेन्द्र मिश्र, भूपेन्द्र मिश्र।

शिवध्यान मिश्र के चार पुत्र—कल्पू मिश्र, मुल्ला मिश्र, दो बच्चा है।

हरि मिश्र के तीन पुत्र राम प्रकाश मिश्र, जय प्रकाश मिश्र, श्री प्रकाश मिश्र।

राम प्रकाश के तीन पुत्र मोहन, भूषण, विधूभूषण। जय प्रकाश के दो पुत्र बच्चा है।

श्री प्रकाश के एक पुत्र बच्चा है।

जागा मिश्र के एक पुत्र खुसरू मिश्र। खुसरू मिश्र के एक पुत्र—त्रिवेणी मिश्र। त्रिवेणी मिश्र के एक पुत्र जगरनाथ मिश्र जगरनाथ मिश्र के पुत्र बच्चा है।

रन्नू मिश्र के एक पुत्र सोनू मिश्र। नाओल्द चूआ मिश्र के एक पुत्र प्रयाग मिश्र—नाओल्द।

झमन मिश्र के एक पुत्र भाई लाल मिश्र, नाओल्द।

वदन मिश्र के दो पुत्र मनसा मिश्र, जदो मिश्र। मनसा मिश्र के एक पुत्र कल्लर मिश्र, कल्लर मिश्र के तीन पुत्र सोनू मिश्र, धर्म मिश्र, तथा दुखरण मिश्र। नाओल्द। सोनू मिश्र के एक पुत्र गोनू मिश्र। गोनू मिश्र के चार पुत्र हृदय मिश्र रासधारी मिश्र, जलधारी मिश्र, वलदेव मिश्र।

हृदय मिश्र के दो पुत्र विन्देश्वरी मिश्र, रामेश्वर मिश्र—नाओल्द

विन्देश्वरी मिश्र के एक पुत्र देवदत्त मिश्र। देवदत्त मिश्र के चार पुत्र, अरुण देव मिश्र, ललिता मिश्र, कारी मिश्र, अंजनी मिश्र। अरुणदेव मिश्र के एक पुत्र बच्चा है। रासधारी मिश्र के एक पुत्र राम पदार्थ मिश्र राम पदार्थ मिश्र के तीन पुत्र—उमा मिश्र, रामा मिश्र, गौरी मिश्र। रामा मिश्र के एक पुत्र बच्चा है।

Scanned by CamScanner

जलधारी मिश्र के तीन पुत्र—राम अवतार मिश्र, शिव कुमार मिश्र, चन्द्रदेव मिश्र, राम अवतार मिश्र के दो पुत्र उदय मिश्र, अजय मिश्र उदय मिश्र, के दो पुत्र, मनोज कुमार, सरोज कुमार। अजय मिश्र के एक पुत्र बबलू। शिव कुमार मिश्र नाओल्द। चन्द्रदेव मिश्र के एक पुत्र रणधीर मिश्र। रणधीर मिश्र के एक पुत्र भोनू मिश्र है। बलदेव मिश्र के दो पुत्र सुनिल कुमार, अनिल कुमार।

पदो मिश्र के चार पुत्र धुरन्धर मिश्र, पुरन्दर मिश्र, टेंगैर मिश्र, हनुमान मिश्र। धुरन्धर मिश्र के एक पुत्र झाली मिश्र। झाली मिश्र के एक पुत्र वासुदेव मिश्र नाओल्द, पुरन्दर मिश्र के तीन पुत्र, रंजीत, यशोधर, राधे मिश्र। राधे और यशोधर नाओल्द। रंजीत मिश्र के एक पुत्र अमृत मिश्र। अमृत मिश्र के एक पुत्र रामधार मिश्र नाओल्द।

टेंगैर मिश्र के एक पुत्र झूमक मिश्र। झूमक मिश्र के दो पुत्र रौदी मिश्र, बच्चू मिश्र। रौदी मिश्र के चार पुत्र रामजी, लक्ष्मण, सीया एवं रामकिशुन मिश्र हुए।

१. रामजी मिश्र के दो पुत्र हरिवंश मिश्र, गुणेश्वर मिश्र। हरिवंश मिश्र के दो पुत्र पादो मिश्र, छोटे मिश्र। गुणेश्वर मिश्र के दो पुत्र अजित, संतोष।

२. लक्ष्मण मिश्र नाओल्द।

३. सीथा मिश्र के दो पुत्र दिवाकर मिश्र, प्रभाकर मिश्र। दिवाकर मिश्र के चार पुत्र अवधेश मिश्र, कौशलेन्द्र, संजय, अमित कुमार मिश्र। प्रभाकर मिश्र के शशिधर मिश्र, चन्द्रधर मिश्र।

४. रामकिशुन मिश्र के तीन पुत्र सुधाकर मिश्र, कमलाकर मिश्र, कुसमाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र के पुत्र मनोज कुमार मिश्र। कमलाकर मिश्र के एक पुत्र, शुशील कुमार। कुसमाकर के तीन पुत्र, शैलेश कुमार, मुकेश कुमार. राजेश कुमार एक बच्चा है।

रौदी मिश्र के दूसरे भाई बच्चू मिश्र के पुत्र बहोरन मिश्र नाओल्द। हनुमान मिश्र के एक पुत्र खखर मिश्र। खखर मिश्र के दो पुत्र जीतू मिश्र, नेवाजी मिश्र, नेवाजी मिश्र नाओल्द। जीतू मिश्र के दो पुत्र द्वारिका मिश्र, मुरली मिश्र। द्वारिका मिश्र के पुत्र नाथो मिश्र, नागो मिश्र। नाथो मिश्र के दो पुत्र फुलेना, दिलिप मिश्र। नांगो के दो पुत्र बबलू, डबलू।

मुरली सिंह के एक पुत्र नवल मिश्र। नवल मिश्र के दो पुत्र मंगला मिश्र एवं जंगला मिश्र।

बहादुर मिश्र के एक पुत्र मनोरंजन नाओल्द। भोनू मिश्र के एक पुत्र भीखा मिश्र। भीखा मिश्र के पुत्र जानकी। जानकी मिश्र के पुत्र रघुनाथ मिश्र नाओल्द हो गये।

Scanned by CamScanner

कल्याण मिश्र के चौथे भाई केशव के एक पुत्र मंगल मिश्र। मंगल मिश्र के तीन पुत्र वसंत, भूपा, लेखा मिश्र।

वसंत मिश्र के दो पुत्र मधुकर, रंगलाल। रंगलाल के एक पुत्र पिताम्वर नाओल्द। मधुकर मिश्र। के दो पुत्र धर्मदेव, तुफानी मिश्र दोनों नाओल्द।

मंगल मिश्र के तीन पुत्र लेखा को एक पुत्र नुनु मिश्र। नुनु मिश्र के दो पुत्र गेना, गोरि। गौरि के पुत्र नेवा मिश्र। नेवा मिश्र के एक पुत्र रामरूप नाओल्द। गेना नाओल्द।

ग्राम—मेघौल जिला—बेगूसराय निवासी श्री जगन्नाथ मिश्र के द्वितीय पुत्र श्री महराज हेमन्त मिश्र के वंश विस्तार का विवरण—

(गोवर्द्धन पट्टी)

महराज हेमन्त मिश्र के तीन पुत्र हुए (१) सुजान मिश्र (२) तारा मिश्र (३) श्री चन्द्र मिश्र। हेमन्त मिश्र के प्रथम पुत्र सुजान मिश्र का वंश विवरण—सुजान मिश्र को एक पुत्र वलभद्र मिश्र हुए। वलभद्र मिश्र के चार पुत्र हुए (१) केशी मिश्र (२) हरदत्त मिश्र (३) बुद्धन मिश्र (४) रघुपति मिश्र। अब केशी मिश्र के पाँच पुत्र हुए (१) वाला मिश्र (२) करण मिश्र (३) शिव मिश्र (४) जंगल मिश्र (५) गिरधारी मिश्र।

अब केसी मिश्र के प्रथम पुत्र बाला मिश्र का वंश विवरण :—बाला मिश्र के छः पुत्र हुए। (१) बोधी मिश्र (२) योधी मिश्र (३) शंकर मिश्र (४) प्रेम मिश्र (५) आत्मा मिश्र (६) यशमत मिश्र।

